राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 सिंगापुर में होगी तुम से तुम तक के...



भामाशाह ने देश भक्ति और दानवीरता की.. 12

गाजियाबाद, सोमवार 29 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 112, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# समुद्र से लेकर आसमान तक, भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड में मन की बात की. इस कार्यक्रम में वह युवाओं को लेकर प्रेरणादायक बातें करते हैं. देश-दुनियां की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं

> **प्रधानमंत्री ने कहा, हमें बारिश के पानी की हर एक बूंद बचानी चाहिए. हम कैच द रेन कैंपेन की रफ्तार को जरा भी कम नहीं होने दे सकते. इसलिए मैं आपसे खास तौर पर गुजारिश करता हूं. आइए हम सब मिलकर बारिश की हर बूंद बचाएं**

जिसका समाज के विकास में सरोकार रहा है. मन की बात के 135वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र




मोदी ने कहा, साल 2026 का आधा हिस्सा खत्म होने वाला है. इन 6 महीनों में हमने मन की बात में अपने देशवासियों की कई कामयाबियों पर बात की है. जून में भी देश ने कुछ ऐसी कामयाबियां हासिल की हैं जिनसे हर नागरिक को गर्व है.

ये कामयाबियां देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी हैं. हाल ही में मुझे कोलकाता में नेवी से जुड़े एक इवेंट में शामिल होने का मौका मिला. वहां आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक, और आईएनएस अग्रे को इंडियन नेवी के बेड़े में शामिल किया गया. इन जहाजों के डिजाइन से लेकर बनाने तक, सब कुछ देसी है। पीएम मोदी ने कहा, देश ने जून महीने में ही एविएशन सेक्टर में भी एक बड़ी कामयाबी हासिल की. सी-295 एयरक्राफ्ट 'मेड इन इंडियाइ है, सी-295 एयरक्राफ्ट ने अपनी पहली उड़ान पूरी कर ली है और ऐसे 40 एयरक्राफ्ट यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं. इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई रफ्तार मिल रही है, रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत हो रहा है.

उन्होंने कहा, इस महीने डीआरडीओ ने एक स्वदेशी 'लॉन्ग-रेंज लैंड-अटैक क्रूज मिसाइलइ का भी सफल टेस्ट किया. इसे डीआरडीओ लैब्स और भारतीय इंडस्ट्री पार्टनर्स ने मिलकर बनाया है. दूसरे शब्दों में समुद्र से लेकर आसमान तक, हमारा भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, जून में एक और इवेंट हुआ जिसमें पूरी दुनिया ने भारत की कोशिशों के साथ हाथ मिलाया और वह इवेंट था 'इंटरनेशनल योगा डेइ. इस बार, दुनिया भर में 2,500 से ज्यादा जगहों पर अलग-अलग योगा इवेंट हुए. हमारे देश में करोड़ों लोगों ने कई जगहों पर योगा प्रोग्राम में हिस्सा लिया. भारत ने इस इवेंट में कुल 114 मेडल जीते, जिसमें 102 गोल्ड मेडल शामिल हैं. भारत इस चैंपियनशिप में मेडल टैली में टॉप पर रहा।

पीएम मोदी ने कहा, पूजा-पाठ खत्म होने के बाद मिट्टी की मूर्तियां अपने आप पानी में घुल जाती हैं. इससे हमारी नदियों, तालाबों और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है. इससे हम अपनी आस्था बनाए रख पाते हैं और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी कर पाते हैं. जब हम लोकल कारीगरों से मूर्तियां खरीदते हैं, तो हम वोकल फॉर लोकल होने के अपने इरादे को और मजबूत करते हैं. मुझे पूरा भरोसा है कि इस गणेश उत्सव के दौरान और असल में ऐसे हर त्योहार के दौरान हम इन बातों पर गंभीरता से सोचेंगे और देश के हित में कदम उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा, बहुत से लोगों ने मुझे लिखकर एक खास टॉपिक पर बात करने का सुझाव दिया है. यह टॉपिक गणेश उत्सव से जुड़ा है. हालांकि गणेश उत्सव में अभी काफी समय है, लेकिन लोगों ने आग्रह किया है कि इस विषय पर अभी चर्चा की जाए. कृपया यह पक्का करने की कोशिश करें कि आपके घर, सोसायटी या मोहल्ले में स्थापित गणपति बप्पा की मूर्ति हमारे अपने देश की मिट्टी से बनी हो और हमारे अपने कुम्हारों और लोकल कारीगरों के हाथों से बनी हो. मैं गणेश की मूर्ति बनाने वालों से भी आग्रह करता हूं कि वे मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दें, और मैं खरीदारों से कहता हूं कि वे यह देख लें कि मूर्ति किस चीज से बनी है और किस देश में बनी है. प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां बिल्कुल न खरीदें। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें बारिश के पानी की हर एक बूंद बचानी चाहिए. हम कैच द रेन कैंपेन की रफ्तार को जरा भी कम नहीं होने दे सकते. इसलिए मैं आपसे खास तौर पर गुजारिश करता हूं. आइए हम सब मिलकर बारिश की हर बूंद बचाएं।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### राम मंदिर दान विवाद: सभी आरोपियों के घर पर पुलिस ने मारा छापा


**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या के राम मंदिर दान विवाद में आज सुबह-सुबह पुलिस ने सभी आरोपियों के घर छापा मारा है। पुलिस की कई टीमों ने एक साथ अयोध्या में आरोपियों के घरों पर दबिश दी है। इस दौरान परिवार के लोगों और पड़ोसियों से पूछताछ की गई। कुछ आरोपियों के



घरों पर ताला लगा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस का मानना है कि आरोपियों के घर से चोरी की गई राशि या आभूषण वगैरह बरामद हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस में आरोपी अविनाश शुक्ला के कौशलपुरी स्थित घर पर दबिश दी। उनके न मिलने पर पुलिस ने कौशलपुरी में किराना स्टोर चलाने वाले राहुल कुमार से पूछताछ की। वहीं, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का करीबी और ड्राइवर रामशंकर यावद उर्फ टिन्नू यादव के घर भी पुलिस टीम पहुंची। हालांकि, यहां ताला लगा मिला। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। दरअसल, राम मंदिर को मिले चंदे और ट्रस्ट द्वारा जमीन खरीद की प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप हैं। कथित तौर पर राम मंदिर को मिले चंदे में सेंध लगाई गई, हिसाब नहीं रखा गया, दान में मिले सोने-चांदी के आभूषण गायब हो गए और ट्रस्ट ने मनमाने ढंग से जमीन खरीदी। इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस्तीफा दे दिया है।

### पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने कहा कि पी. वी. नरसिम्हा राव ने हमारे राष्ट्र के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर में भारत की प्रगति में चिरस्थायी योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर



पोस्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्होंने हमारे राष्ट्र के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर में भारत की प्रगति में चिरस्थायी योगदान दिया। उन्होंने एक सक्षम प्रशासक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। वे एक प्रतिष्ठित विद्वान भी थे, जिन्हें भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति का गहन ज्ञान और व्यापक समझ प्राप्त थी।

### कार ड्राइवर ने टोल प्लाजा के कर्मचारी को कुचलने की कोशिश, बोनट पर फंसा

**कोझिकोड (केरल) (आरएनएस)।** कोझिकोड जिले में इरिंगल्लूर के पास नेशलन हाईवे पर बने टोल प्लाजा के एक कर्मचारी को कार ड्राइवर ने कथित तौर पर टक्कर मारकर कुचलने की कोशिश की. बताया गया है कि कार ड्राइवर के टोल न देने पर कर्मचारी ने उसे रोकने की कोशिश की. लेकिन ड्राइवर ने कार तेजी से भगाई और कर्मचारी कुछ दूर तक बोनट पर फंसा रहा, फिर कार रुक गई.

यह घटना शनिवार शाम करीब 5:30 बजे हुई. इस घटना में टोल कर्मचारी घायल हो गए. घटना के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कैसे इरिंगल्लूर के रहने वाले मेथल जितेशी नाम के कर्मचारी कार के नीचे कुचलने से बच गए.

टोल देने से बचने के लिए, गाड़ी तेजी से अपने आगे चल रही एक कार को पीछे करने की कोशिश कर रही थी, तभी जितेशी ने बीच-बचाव किया. लेकिन, रुकने के बजाय, कार अचानक आगे बढ़ गई और जितेशी बोनट पर फंस गए. बाद में जितेशी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. टोल प्लाजा के दूसरे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह कार को रोक लिया, जिससे गाड़ी में बैठे लोगों और टोल कर्मचारियों के बीच हाथापाई हो गई।

कार ड्राइवर को पीड़ित पर फिर से हमला करते हुए देखा गया और टोल कर्मचारी पर झगड़े के दौरान कार के बोनट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

# केतन अग्रवाल हत्याकांड: सिया और चेतन को लोहगढ़ किले पर ले गई पुलिस, सीन रिक्रिएट किया

**पुणे (आरएनएस)।** पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में पुलिस कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। इसी घटनाक्रम में आज पुलिस दोनों आरोपियों- सिया गोयल और चेतन

> **पुणे पुलिस का मानना है कि सिया और चेतन के रिश्ते की जानकारी सबसे पहले उनके परिवार को क्रिकेट मैच में साथ देखे जाने पर ही मिली थी**

चौधरी को लोहगढ़ किले पर लेकर गई। आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को किले पर ले जाया गया। यहां पुलिस ने सीन रिक्रिएट किया, ताकि पूरे घटनाक्रम को समझने में आसानी हो सके। इस दौरान किले में आम लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई गई।

इस बीच सिया और चेतन का एक नया वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों महाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखते नजर आ रहे हैं। अभी ये



पता नहीं चला है कि यह वीडियो कब का है। इससे उन दावों को बल मिला है कि दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे। पुणे पुलिस का मानना है कि सिया और चेतन के रिश्ते की जानकारी सबसे पहले उनके परिवार को क्रिकेट मैच में साथ देखे जाने पर ही मिली थी।

पुलिस ने आरोपी चेतन की बाइक जब्त की है। इसी से वह हत्याकांड वाले दिन लोहगढ़ किले पर पहुंचा था। इसके अलावा चेतन की हुडी, हेडफोन और अन्य सामान भी जब्त किया गया है। इन सभी की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी। पुलिस ने सिया के माता-पिता से करीब 12 घंटे तक पूछताछ की। इससे पहले सिया के भाई से भी 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। बीती शाम स्थानीय लोगों ने न्याय की मांग करते हुए कैंडल मार्च निकाला।

# 650 करोड़ के सीपीए घोटाला मामला: पूर्व डीजीएचएस डॉक्टर वत्सला अग्रवाल सहित दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 650 करोड़ रुपये से अधिक के सेंट्रल प्रिक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) दवा खरीद घोटाले में एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व



डीजीएचएस डॉ. वत्सला अग्रवाल और डिप्टी कंट्रोलर फाइनेंस नीरज चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि इससे पहले सीपीए के पूर्व हेड ऑफ ऑफिस (एचओओ) डॉ. विनोद कुमार रंगा को भी गिरफ्तार किया गया था और उन्हें 4 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है. डॉक्टर रंगा पर जांच में सहयोग न करने और महत्वपूर्ण फाइलें व रिकॉर्ड्स छुपाने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और आपराधिक साजिश के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टेंडर प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की गईं. दवाओं और मेडिकल उपकरणों की खरीद कई गुना अधिक कीमत पर की गई और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कार्यालय से गायब कर दिए गए। एसीबी अब पूरे मामले में मनी ट्रेल की भी जांच कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि इस कथित घोटाले से किन लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचा है. जांच एजेंसी के मुताबिक इस मामले में कुछ आईएएस अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है. उनकी भी जांच की जा रही है।

# सीएम योगी ने हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। सीएम ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया। सीएम योगी ने कहा अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा।

# दिल्ली में बस सेवा को बेहतर बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) राजधानी की बस सेवा को अधिक प्रभावी, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी वाला बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है. इसके तहत डीटीसी 'बस रूट रेशनलाइजेशन स्टडी' के तहत यात्रियों से फीडबैक एकत्र कर रहा है. इस सर्वे का उद्देश्य यात्रियों की जरूरतों और सुझावों को समझकर दिल्ली के बस

> **यात्रियों से फीडबैक मांग रहा डीटीसी**

नेटवर्क की क्षमता बढ़ाना, रूटों को अधिक व्यवस्थित करना और विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है. डीटीसी का मानना है कि यात्रियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर बस सेवाओं को अधिक सुविधाजनक और मांग के अनुरूप बनाया जा सकेगा. राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक आधुनिक, प्रभावी व यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में चल रहे बस रूट रेशनलाइजेशन अध्ययन में अब आम लोगों की भी सीधी भागीदारी होगी. दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा बस यात्रियों से सुझाव लेने के लिए एक सार्वजनिक सर्वे शुरू किया गया है. इसके लिए डीटीसी ने एक क्यूआर कोड जारी किया



है, जिसे स्कैन कर यात्री ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं और बस सेवाओं से जुड़े अपने सुझाव, शिकायतें व अपेक्षाएं दर्ज करा सकते हैं. बता दें कि डीटीसी ने बीते वर्ष दिल्ली के बस नेटवर्क के व्यापक रूट रेशनलाइजेशन अध्ययन को मंजूरी दी थी. यह अध्ययन आईआईटी दिल्ली के टीआरआईपी सेंटर द्वारा बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप (बीसीजी) और जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के सहयोग से किया जा रहा है. मार्च 2026 से फरवरी 2027 तक चलने वाले इस अध्ययन का उद्देश्य पूरी दिल्ली में बस नेटवर्क का वैज्ञानिक विश्लेषण कर यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप नए रूट व बेहतर सेवा संरचना तैयार करना है. अब इसी प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए यात्रियों की राय शामिल की जा रही है. डीटीसी के सर्वे में यात्रियों से उनकी दैनिक यात्रा से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी जा रही है. पूछा जा रहा है कि वे किस बस रूट का सबसे अधिक उपयोग करते हैं, उनकी यात्रा का उद्देश्य क्या होता है, बस सेवा के दौरान उन्हें किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है और वे बस नेटवर्क में किस तरह के बदलाव चाहते हैं. यात्री बसों की उपलब्धता, समयपालन, भीड़, कनेक्टिविटी, सुरक्षा, बस स्टॉप की सुविधा व नए रूटों की आवश्यकता जैसे विषयों पर भी अपनी राय दर्ज कर सकते हैं. डीटीसी के डिप्टी सीजीएम अमन देव छिकारा का कहना है कि सर्वे के जरिए मिलने वाले सुझावों के आधार पर यह तय किया जाएगा कि किन क्षेत्रों में नई बस सेवाओं की जरूरत है।

**मसौदा जारी** | क्लास-बी उपकरणों के लाइसेंस की समय-सीमा 140 से घटाकर 115 दिन और क्लास-सी व डी के लिए 105 से 90 दिन करने का प्रस्ताव

# चिकित्सा उपकरणों की लाइसेंसिंग होगी तेज, केंद्र ने मेडिकल डिवाइस नियम-2017 में संशोधन का मसौदा जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने चिकित्सा उपकरणों की लाइसेंसिंग प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम

> **कारोबार में सुगमता और मरीजों को गुणवत्ता वाले उपकरण जल्द उपलब्ध कराने पर जोर**

उठाया है। मंत्रालय ने चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 में संशोधन का मसौदा राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से जारी किया है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य लाइसेंस जारी करने की समय-सीमा को कम करना, नियामकीय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना तथा कारोबार में सुगमता को बढ़ावा देना है।

मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित बदलावों के जरिए गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रदर्शन से जुड़े निर्धारित मानकों से किसी प्रकार का समझौता किए बिना चिकित्सा उपकरणों की स्वीकृति प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। इससे उद्योग को समय पर लाइसेंस प्राप्त होंगे और मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण शीघ्र उपलब्ध हो सकेंगे।

**जोखिम के आधार पर चार श्रेणियां**

मेडिकल डिवाइस नियम, 2017 के तहत चिकित्सा उपकरणों को जोखिम के आधार पर चार श्रेणियों—क्लास ए, क्लास बी, क्लास सी और क्लास डी—में वर्गीकृत किया गया है। इनमें क्लास-डी सबसे अधिक जोखिम वाले चिकित्सा उपकरणों की श्रेणी है। प्रत्येक श्रेणी के लिए लाइसेंस जारी करने की वैधानिक समय-सीमा निर्धारित है, जिसे अब और कम करने का



प्रस्ताव किया गया है।

**समय-सीमा में होगा बड़ा बदलाव**

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, क्लास-बी चिकित्सा उपकरणों के लाइसेंस जारी करने की समय-सीमा 140 दिनों से घटाकर 115 दिन करने का प्रस्ताव है। इस श्रेणी में ब्लड प्रेशर मॉनिटर, हाइपोडर्मिक सुइयां और पल्स ऑक्सीमीटर जैसे निम्न से मध्यम जोखिम वाले उपकरण शामिल हैं।

इसी प्रकार, क्लास-सी और क्लास-डी श्रेणी के उच्च जोखिम वाले चिकित्सा उपकरणों, जैसे हृदय स्टेंट, कूल्हे एवं घुटने के प्रत्यारोपण तथा अन्य ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स के लाइसेंस की समय-सीमा 105 दिनों से घटाकर 90 दिन किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है।

**हर चरण के लिए तय होगी समय-सीमा**

मसौदा संशोधन में लाइसेंसिंग प्रक्रिया के प्रत्येक चरण—आवेदन की जांच, अधिसूचित निकायों द्वारा ऑडिट, अनुपालन सत्यापन और लाइसेंस जारी करने—के लिए भी स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करने का प्रावधान किया गया है। इससे पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और पूर्वानुमेय बनने की उम्मीद है।

**उद्योग और मरीज दोनों को मिलेगा लाभ**

मंत्रालय का मानना है कि प्रस्तावित संशोधन से चिकित्सा उपकरण उद्योग को तेज और सरल नियामकीय मंजूरी मिलेगी, जिससे निवेश और विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं दूसरी ओर, मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक चिकित्सा उपकरण कम समय में उपलब्ध हो सकेंगे।

**हितधारकों से मांगे गए सुझाव**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मसौदा अधिसूचना को सार्वजनिक करते हुए उद्योग, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से निर्धारित अवधि के भीतर सुझाव एवं टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। यह अधिसूचना राजपत्र तथा केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद अंतिम संशोधन अधिसूचित किए जाएंगे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहली बार पहुंचे अंकुर शर्मा, शहर से गांव तक हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश मंत्री बनाए जाने के बाद रविवार को पहली बार अपने पैतृक

**जगह-जगह फूल-मालाओं व आतिशबाजी से किया अभिनंदन, अवंतिका देवी मंदिर में टेका माथा, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान**

गांव पूठा पहुंचे अंकुर शर्मा का जहांगीराबाद नगर से लेकर गांव तक जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर और आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान नगर में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

अंकुर शर्मा का काफिला नगर में प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर रुक-रुक कर स्वागत किया गया। शिवाली पर समाजसेवी शिवा विजय के नेतृत्व में उनका अभिनंदन हुआ। चांदोक दोराहा पर पालिका अध्यक्ष किशनपाल लोधी, भाजपा नगर अध्यक्ष कैलाश सैनी एवं कार्यकताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। बुलंदशहर बस स्टैंड पर सभासद हरीश सिसोदिया और समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। सब्जी मंडी चौराहे पर व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी,



मनमोहन अग्रवाल एवं सुभाष अग्रवाल ने स्वागत किया, दरबार बैंड गली पर पंकज शर्मा, भूपेंद्र शर्मा,जबकि बिजलीघर चौराहे पर सभासद मनोज गुप्ता, मनोज शास्त्री, मोहित गौड़ सहित अन्य लोगों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई।

इसके बाद अपने पैतृक गांव पूठा पहुंचने पर ग्रामीणों और भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के उपरांत अंकुर शर्मा समर्थकों के साथ प्राचीन अवंतिका देवी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने माता के दर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष, जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी के.पी. सिरोही सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकुर शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से भाजपा की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। इस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## शिकारपुर में बिजली आपूर्ति की बदहाली से उपभोक्ता परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति की बदहाली से लोग परेशान हैं । बिजली में भारी कटौती और भीषण गर्मी के कारण स्थिति गंभीर हो गई है । अधिक लौट



के चलते एबीसी केवल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं । ट्रिपिंग से परेशान उपभोक्ता विद्युत उप केदो पर सप्लाई चालू होने के बारे में जानकारी लेने के लिए फोन घूमाते रहे लेकिन ट्रिपिंग की समस्या से निजात नहीं मिल पाई। रविवार को विद्युत विभाग के एक्स ई न, एसडीओ रामाशीष यादव, जे ई शिकारपुर व समस्त स्टाफ के साथ नगर के लोगों से वार्ता की और नगर में भयंकर विद्युत कटौती व बार-बार कट पर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नगर में कई जगह विद्युत तार बदलने व नया ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर कन्या इंटर कॉलेज के पास रखवाने पर सहमति प्रदान की। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार गर्ग सभासद प.,गौरव मित्तल, गगन शर्मा,रंजीत सैनी, सूर्यकांत शर्मा सभासद, हिमांशु गुप्ता, अनूप शर्मा,पंकज सिंघल ,प्रशांत विश्वास,संजय शर्मा आदि अनेक लोक उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया की अध्यक्षता में बोर्ड मीटिंग का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया की अध्यक्षता में बोर्ड





मीटिंग का आयोजन हुआ ।जिसमें सांसद डा भोला सिंह, विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मी राज, विधायक स्याना देवेंद्र सिंह लोधी, सदस्यगण जिला पंचायत गीता चरोरा, रेनू चौधरी, कल्पना जादौन, सारीका त्यागी, शैलेश शर्मा, नाहर सिंह, मंगल सिंह, लटूर सिंह, मांगेराम, ओंकार, सोनू लोधी, नरेश चंद, संतपाल, सूर्यप्रताप आदि अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बोर्ड बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार के द्वारा किया गया।

बैठक में गत बैठक के कार्यव्रत की पुष्टि केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत जिला पंचायत बुलंदशहर की वर्ष 2026 27 की संशोधन कार्य योजनाओं की स्वीकृति राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2026 27वीं संशोधित कार्य योजना की स्वीकृति जिला निधि में उपलब्ध धनराशि से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने हेतु वर्ष 2026 27 की संशोधित कार्य योजना की स्वीकृति जिला पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य जिला पंचायत की परिसंपत्तियों को लीज/किराए पर दिए जाने की स्वीकृति, जिला निधि से प्रमुख सम्मिलित कार्यों में शहीद द्वार/गौरव द्वारा निर्माण कार्य कराया जाना, सर्वसंम्मति से स्वीकृत किया गया, सदन में उपस्थित समस्त सदस्य गण द्वारा जनसुनवाई (आइजीआरएस पोर्टल) समिति शासन व जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव पत्रों को सर्लसम्मती से अस्वीकृत कर दिया गया, सदन द्वारा कहा गया की बैठक में उपस्थित सदस्य गणों के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव को ही कार्य योजना में सम्मिलित किया जाए, क्योंकि ऐसे प्रस्ताव की उपयोगिता सदस्यों के माध्यम से प्रमाणित हो जाती है। अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा सांसद, विधायकगण, सदस्यगण जिला पंचायत समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण जिला पंचायत, एवं पत्रकार बंधुओं का बैठक में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त करते हुए बोर्ड बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। अंत में अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष पद के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 5 वर्ष पूरे होने के शुभ अवसर पर सदन में उपस्थित समस्त माननीय सदस्यों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया।

तथा समस्त जिलापंचायत सदस्य गण के साथ जिला पंचायत परिसर में कार्यालय को यादगार बनाने हेतु सामूहिक फोटोग्राफ कराया गया।

## लगातार बिजली कटौती से फूटा जनाक्रोश, पूर्व विधायक के नेतृत्व में बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** नगर व क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और चरमराई विद्युत व्यवस्था के विरोध में शनिवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्व विधायक होशियार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों,

**महिलाओं ने अधिकारियों को चूड़ियां पहनाने का किया प्रयास, जेई को निलंबित करने की उठी मांग**

महिलाओं और व्यापारियों ने स्थानीय बिजलीघर पहुंचकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों का घेराव किया और विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार की मांग उठाई।

धरने के दौरान आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को अपने बीच बैठा लिया और क्षेत्र के जेई को तत्काल निलंबित करने की मांग पर अड़ गए। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने विरोध दर्ज कराते हुए अधिकारियों को चूड़ियां पहनाने का प्रयास भी किया, जिससे मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।



अधिशासी अभियंता शौरभ मिश्रा ने कहा कि संबंधित जेई के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनता में उनके कार्यों को लेकर भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि जेई के विरुद्ध विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वहीं एसडीओ दया शंकर ने भी माना कि संबंधित जेई उनका फोन तक नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेई का वेतन काटने तथा विभागीय कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक होशियार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और जनता को राहत नहीं मिली, तो इससे भी बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, व्यापारी, किसान और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम के चलते बिजलीघर परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# समाज सेवी शोएब मेवाती ने मोहर्रम के अखाड़ों के उस्ताद एवं खलीफा को सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एवं प्रमुख समाज सेवी शोएब मेवाती ने गुलावठी में निकाले गए मोहर्रम के अखाड़ों के उस्ताद एवं खलीफाओ के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन लॉरेंस अकादमी प्रांगण में किया गया। सम्मान समारोह के दौरान मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकाले गए अलम सद्दे, मेहंदी, ताजिए और मोहर्रम जुलूस में शामिल सभी करतब दिखाने वाले कलाकारों और उनके उस्ताद खलीफाओ को शॉल





उढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर समाजसेवी शोएब मेवाती के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद सभी कलाकार खुश नजर आए। वही, भारतीय किसान यूनियन आजाद के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव जैकी गोहरी ने अपनी टीम के साथ प्रमुख समाजसेवी शोएब मेवाती का पगड़ी व माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। समाज सेवी शोएब मेवाती ने बताया कि यह सम्मान समारोह का कार्यक्रम मंगल बाजार चौक में हुआ करता था। लेकिन विगत वर्ष मोहर्रम जुलूस के दौरान छज्जा गिरने से वहां एक हादसा हो गया था। जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत इस कार्यक्रम को लॉरेंस अकादमी प्रांगण में रखा गया। उन्होंने सभी आमजन से अपील की है कि प्रत्येक वर्ष मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

## चार दिन से लापता पारौली के पूर्व प्रधान का शव काली नदी में मिला, क्षेत्र में हड़कम्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** सलैमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पारौली से चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए पूर्व प्रधान का शव शनिवार को शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम फरीदपुर के जंगलों में बह रही काली नदी से बरामद हुआ है। पूर्व प्रधान का शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। चार दिनों से चल रहा था रेस्क्यू ऑपरेशन। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारौली गांव के दो बार ग्राम प्रधान रह चुके सुनील कुमार उर्फ सन्नी राघव 42 वर्ष चार दिन पहले अचानक लापता हो गए थे। परिजनों की सूचना पर सलैमपुर थाना पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। आशंका के आधार पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और पीएसी की फ्लड यूनिट की मदद से काली नदी में लगातार चार दिनों तक सघंन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया ।शनिवार को सफलता तब मिली जब उनका शव फरीदपुर के पास नदी में तैरता हुआ मिला। काली नदी में शव मिलने की खबर मिलते ही सलैमपुर थाना प्रभारी नितिन जावला, और शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा, भारी पुलिस बल के

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

साथ तुरन्त मौके पर पहुंचे घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया ।फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए है। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव मिलने की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। और गांव सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सलैमपुर थानाध्यक्ष नितिन जावला, ने बताया कि चार दिन से लापता पूर्व प्रधान का शव काली नदी से बरामद कर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके की जांच की है ।शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा ।मामले में हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है ।

## यूपी कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम से मिले जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्रपाल गौतम से जिला कांग्रेस कमेटी, बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष एडवोकेट जियाउर्रहमान ने नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी का भव्य स्वागत किया तथा उनके नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिलने का विश्वास व्यक्त किया।

भेंट के दौरान जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने बुलंदशहर जनपद में कांग्रेस संगठन की



वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों एवं चल रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रभारी से आग्रह किया कि वे शीघ्र ही बुलंदशहर का दौरा कर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करें और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करें। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्रपाल गौतम ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही बुलंदशहर का दौरा करेंगे तथा कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाए तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाया जाए। उन्होंने संगठन की मजबूती को कांग्रेस की सफलता की आधारशिला बताते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राकेश भाटी, कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित प्रज्ञा गौड़, नईम मंसूरी, भजनलाल जाटव, चंद्रपाल सिंह, किशन चौधरी, गौरव जयराम, अजय छौंकर, डॉ इरफान, इशू शर्मा, ऋषि गौतम, धर्मेंद्र महावर, नवाब खान, राहुल शर्मा, अमित जाटव, ऋतिक जाटव, सुरेंद्र उपाध्याय, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, विपुल कौशिक, मिंटू चौधरी, मुन्नीलाल दिवाकर, दानिश कुरैशी, अजय कुमार, शहर अध्यक्ष रवि वर्मा, सोहेल खान आदि मौजूद रहे।

**अभियान** — मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण होने से यातायात हो रहा था प्रभावित

# अतिक्रमण हटाने के साथ व्यापारियों से वसूला 4500 रुपये का जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**डिबाई।** नगर पालिका परिषद डिबाई ने नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से

**पुलिस, प्रशासन व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान**

पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम के साथ व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। डिबाई-बुलंदशहर हाईवे पर धर्मपुर रोड मोड़ से महादेव चौराहे होते हुए अनाज मंडी तक चले अभियान के दौरान सड़क किनारे किए






गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों से 4,500 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। डिबाई कस्बे के मुख्य मार्ग पर दुकानों के बाहर सामान रखकर किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन यातायात प्रभावित हो रहा था। राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर सड़क किनारे रखा सामान हटवाया तथा अतिक्रमण कारियों का सामान जब्त किया।

डिबाई नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में व्यापारियों को सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए गए। टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर जुर्मानें के साथ संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईओ अरविंद मिश्रा ने बताया कि नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों से 4,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ और अधिक कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से नगर पालिका के अभियान में सहयोग करने तथा सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने की अपील की।

## भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** जून में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। क्षेत्र में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ा है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जहां पहुंचा जिससे शरीर झुलसने लगा है। दोपहर को हालत यह है कि घर से बाहर निकालने की हिम्मत नहीं होती अधिकांश लोग घरों में ही कैद होकर रह गए हैं। सूर्य की किरणें धरती पर सीधी पढ़ने से हो रही भीषण गर्मी में आम जनमानस के साथ-साथ पशु पक्षियों का भी बुरा हाल है। रविवार को भी सूरज की तपिश से लोग गर्मी से बेचैन दिखाई दिए, व तापमान बढ़ने से और अधिक गर्मी व तपिश बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी का आलम यह है कि लोगों को कहीं भी चैन नहीं मिल रहा है। तापमान 40 पा पहुंच जाने के कारण पसीना सूखने का नाम नहीं ले रहा है। घर भी भट्टी की तरह ताप रहे हैं जिसके चलते छोटे-छोटे बच्चे भी बिल्विला रहे हैं। दोपहर के समय बाजार में भी भीड़ भी नजर नहीं आ रही है। उधर भीषण गर्मी में संक्रामक रोगों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं जिसमें बुखार के रोगों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। जानकारी के अनुसार गर्मी में इन दोनों हा हाहाकार मचा रखा है। पारा 40 पर पहुंच गया है जिससे स्थिति और ज्यादा विकट हो गई है। आलम यह है कि सुबह से ही सूर्य देव की तपिश लोगों को झुलसाना शुरू कर देती है।

# बुजुर्ग दलित महिला ने डीएम से लगाई दबंगों से अपनी जान और जमीन बचाने की गुहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** एक 65 वर्षीय बेसहारा दलित विधवा महिला अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। थाना दिवस में पहुंचकर पीड़ित महिला ने अधिकारियों के सामने अपनी आपबीती सुनाई। महिला का आरोप है कि उसकी पुश्तैनी भूमि पर स्थानीय दबंगों ने कब्जा कर रखा है और विरोध करने पर मारपीट कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर



गालियां दी जा रही हैं। पीड़िता ओमवती (पत्नी स्वर्गीय रामशरण, निवासी सराफा बाजार, सिक्को वाली गली) का कहना है कि वे लंबे समय से न्याय के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। न्याय की आस में पीड़ित परिवार ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर और राज्य महिला आयोग सहित कई उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर गुहार लगाई है।

**क्या है पूरा मामला?**

शिकायत के अनुसार, पुरानी धर्मशाला विजय मंडी, राणा मैरिज होम के पास पीड़िता की लगभग 1200 वर्ग गज पुश्तैनी जमीन (खसरा संख्या 1740) है। इसमें से 600 वर्ग गज उनके बेटों (सुभाष और वीरेंद्र कुमार)

**अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है बेसहारा दलित विधवा महिला**

और शेष 600 वर्ग गज उनके लकवाग्रस्त देवर रामपाल के नाम दर्ज है। दबंगों की नजर इसी 600 गज जमीन पर है। ?पीड़िता का आरोप है कि 15 मई 2026 को जब वह अपने देवर के साथ जमीन पर गई थीं, तब विष्णु गोयल (पूर्व बैंक अधिकारी), रामकिशन, बब्बू, सुशील गोयल और 5 अन्य अज्ञात लोगों ने उनके साथ अभद्रता की। दबंगों ने हाथापाई करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और धमकी दी। इस गंभीर मामले में मोदीनगर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय पटवारी संजय सिंह को सख्त आदेश दिए थे कि वे कब्जाधारियों से जमीन के कागजात दिखाने की मांग करें और मामले की जांच करें। लेकिन आरोप है कि पटवारी संजय सिंह ने अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। वे पीड़ित पक्ष को सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं, जिसके कारण बुजुर्ग महिला को न्याय के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। एक तरफ बुजुर्ग महिला और उसका लकवाग्रस्त देवर दबंगों के खौफ और असुरक्षा के साये में जी रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निचले स्तर के कर्मचारियों की लापरवाही ने सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना बेहद अहम होगा कि मुरादनगर पुलिस और उच्च प्रशासन इस मामले में कब तक सख्त कदम उठाता है और बेसहारा महिला को कब उसकी जमीन वापस मिल पाती है।

# रिवर हाइट्स AOA के संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति पर स्पष्टीकरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बताते चलें राजनगर चुनाव हारने के बाद ही क्यों एलिगेशन लगाए गए हैं जब यह डेढ़ साल रिवर हाइट में कार्यरत तब एक बार भी एलिगेशन नहीं लगाये चुनाव हारने के बाद सब बात क्यों हो रही है किया है पूरा सच बताते चलें उक्त आरोपों को अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जबकि संबंधित विषय विभिन्न सक्षम प्राधिकारियों के समक्ष विचाराधीन हैं। अतः निष्पक्षता एवं तथ्यों के हित में निम्नलिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जा रहा है,,1. संबंधित प्रेस विज्ञप्ति जारी करने वाली डॉ. ऋतु चौधरी वर्तमान सचिव नहीं, बल्कि पूर्व सचिव हैं। अतः उन्हें वर्तमान अडअ की ओर से बोलने या आधिकारिक वक्तव्य जारी करने का अधिकार प्राप्त नहीं है,,2. जिस फोरेंसिक/वैधानिक जांच रिपोर्ट का उल्लेख किया गया है, वह किसी न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा दोष सिद्ध करने वाला अंतिम निर्णय नहीं है। रिपोर्ट में की गई टिप्पणियाँ अभी विधिक परीक्षण एवं सक्षम प्राधिकारी के विचाराधीन हैं।,,फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य



2.1 डिप्टी रजिस्ट्रार, गाजियाबाद के आदेश दिनांक 18.11.2025 के अनुपालन में मेसर्स यू. तिवारी एंड एसोसिएट्स, नोएडा को फोरेंसिक ऑडिट हेतु नियुक्त किया गया था, जिन्होंने दिनांक 12.06.2026 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
2.2 उक्त रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न इसलिए उठते हैं क्योंकि फरवरी 2025 में पूर्व अडअ कार्यकारिणी द्वारा कथित रूप से अडअ कार्यालय से मूल अभिलेख अपने कब्जे में ले लिए गए अथवा नष्ट कर दिए गए। इस संबंध में थाना नंदग्राम में मुकदमा संख्या 742/25 दर्ज है तथा न्यायालय में आरोप-पत्र भी प्रस्तुत किया जा चुका है।
2.3 डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा दिनांक 06.12.2025 एवं 09.02.2026 को पूर्व पदाधिकारियों को सभी अभिलेख जांच अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे, किंतु अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। 2.4 नगर मैजिस्ट्रेट द्वारा अपने पत्र दिनांकित -17/01/2026 मे पूर्व कार्यकारिणी(2025) के स्थान पर नई कार्यकारिणी (2026) के द्वारा फॉरेनसिक ऑडिट करवाने का आदेश दिया था क्योंकि पूर्व कार्यकारिणी सचिव ऋतु चौधरी व अन्य द्वारा डाक्यूमेंट्स नष्ट कर दिए गए थे इसीलिए पूर्व कार्यकारिणी फॉरेनसिक ऑडिट करवाने मे सक्षम नहीं थी .2.5 स्वयं पूर्व सचिव द्वारा अपने कार्यकाल में भी अभिलेख उपलब्ध न होने संबंधी शिकायत डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में की गई थी। इससे स्पष्ट है कि अभिलेखों की उपलब्धता को लेकर स्वयं पूर्व कार्यकारिणी के भीतर विवाद था।2.6 फोरेंसिक रिपोर्ट के अनेक पृष्ठों पर "डॉक्यूमेंट नोट प्रोवाइडड " अंकित है, जिससे स्पष्ट होता है कि आवश्यक मूल अभिलेख उपलब्ध नहीं थे। ऐसी स्थिति में रिपोर्ट की निष्पक्षता एवं पूर्णता पर स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं। 2.7 रिपोर्ट चुनाव की निर्धारित तिथि से ठीक पूर्व तैयार की गई तथा चुनाव से पहले सार्वजनिक की गई। इससे इसकी समय-सीमा और उद्देश्य को लेकर भी प्रश्न उत्पन्न हुए हैं, जिनका परीक्षण संबंधित प्राधिकारी द्वारा किया जाना अपेक्षित है।

# शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली नई गति, भीम नगर में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत शहर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग एवं शहर विधायक संजीव शर्मा के प्रस्ताव पर वर्ष 2026-27 में नगर निगम गाजियाबाद के वार्ड संख्या-1, भीम नगर में विकास कार्यों का शिलान्यास किया मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत इंद्रपाल के मकान से लोकेश के मकान तक तथा प्रदीप के मकान से चरण दास के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इस विकास कार्य की अनुमानित लागत 18.97 लाख रुपये है तथा इसका क्रियान्वयन जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजियाबाद द्वारा किया जाएगा।इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में शहर विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका संकल्प है कि क्षेत्र की प्रत्येक सड़क, नाली एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाकर जनता को एक स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि "जनता की सेवा और क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शहर विधानसभा को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं और आने वाले समय में भी अनेक विकास कार्य धरातल पर दिखाई देंगे।"इस अवसर क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, पार्षद धर्मेंद्र नागर, चेयरमैन संदीप पाल, अनु चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।







# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर में रखी एसएईएल लिमिटेड की इंटीग्रेटेड सोलर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की आधारशिला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद/जेवर (आशा चौधरी)।** वर्टिकली इंटीग्रेटेड रिन्युएबल एनर्जी कंपनी, एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज उत्तर प्रदेश के जेवर में अपनी इंटीग्रेटेड सोलर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी की आधारशिला रखी। यह प्रोजेक्ट कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी, एसएईएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। यह भारत में क्लीन एनर्जी ट्रांज़िशन की ओर कंपनी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

शिलान्यास समारोह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता "नंदी" जेवर, गौतमबुद्धनगर के . विधायक धीरेन्द्र सिंह वाईईआईडीए और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी; वरिष्ठ सरकारी अधिकारी; उद्योग जगत के दिग्गज; और एसएईएल की लीडरशिप टीम के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के को-फाउंडर एवं डायरेक्टर, सुखबीर सिंह ने कहा, आज का शिलान्यास समारोह के सफर में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हम 8,200 करोड़ रुपये के शुरूआती निवेश के साथ जेवर में 5 गीगावॉट सोलर सेल और 5 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश नहीं है, बल्कि इससे भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी मिलेगी। आज, उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेजी से विकस्तित हो रहे राज्यों में से एक है। हम 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य के करीब जा रहे हैं। हमें गर्व है कि हम राज्य के विकास के इस सफर का एक हिस्सा हैं। इसके लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार, वाईईआईडीए और सभी स्टेकहोल्डर्स के बहुत आभारी हैं।" एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ एवं एक्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, श्री लक्षित अवला ने कहा, "जेवर प्रोजेक्ट भारत में रिन्युएबल एनर्जी के भविष्य और एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के रूप में उत्तर प्रदेश पर का भरोसा प्रदर्शित करता है। देश में जैसे-जैसे स्वदेशी सोलर प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ेगी, यह यूनिट भारत में सोलर सप्लाई चेन को मजबूत करती जाएगी। इससे क्षेत्र को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। लार्ज स्केल सोलर सेल और मॉड्यूल एक ही जगह बनाकर हम जो क्षमताएं विकसित कर रहे हैं, वो सोलर सेक्टर में वर्टिकल इंटीग्रेशन की मिसाल स्थापित करेंगी।"






यह प्रोजेक्ट गौतम बुद्ध नगर में (यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी) के सेक्टर 8 में 200 एकड़ में फैला है। इसे एक इंटीग्रेटेड 5 गीगावॉट सोलर सेल और 5 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। एक बार चालू होने के बाद, यह 10 गीगावॉट का सोलर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम भारत में बढ़ती औद्योगिक जरूरतों को पूरा करेगा। इस प्रोजेक्ट से मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में बड़े निवेश आकर्षित करने के उत्तर प्रदेश के लक्ष्य में मदद मिलेगी। यह क्लीन एनर्जी इंडस्ट्रीज केंद्र के रूप में राज्य की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित करता है। इस यूनिट से 5,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा। औद्योगिक गतिविधि, सहायक उद्योगों और बुनियादी ढांचे के विकास में मदद मिलेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस यूनिट का काम पूरा होने के बाद भारत में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी द्वारा हाई-एफिशिएंसी सोलर सेल और टॉपकॉन मॉड्यूल बनाए जा सकेंगे, जिससे भारत के तेजी से विकसित होते हुए रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।










# सोशल मीडिया पर कथित धार्मिक टिप्पणियों को लेकर गाज़ियाबाद में सिख संगठनों ने शिकायत दर्ज करा दीं भगत सिंह दो आबी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** और पंजाब के सिख प्रतिनिधियों ने आवाज उठाई सिख समुदाय के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने गाज़ियाबाद में सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े आरोपों की जांच की मांग की है। बताया जा रहा है कि इन पोस्ट से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और इनमें सिख धर्म, गुरुओं, सिख परंपराओं, पगड़ी और सिख महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें कही गईं, साथ ही हिंदू-सिख भाईचारे को भी नुकसान पहुँचाने की कोशिश की गई।

पंजाब के मोहाली निवासी शिकायतकर्ता भगत सिंह दोआबी (उर्फ.विक्रमजीत सिंह) द्वारा तैयार की गई औपचारिक शिकायत में कुछ खास सोशल मीडिया अकाउंट्स और उनसे जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन पोस्ट में सिख धर्म, गुरु ग्रंथ साहिब से जुड़ी परंपराओं, पगड़ी और सिख महिलाओं को निशाना बनाते हुए अभद्र और भड़काऊ बातें कही गईं।

इस मामले में, सिख समुदाय के विभिन्न प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत का समर्थन करने वाले प्रमुख लोगों में भगत सिंह विक्रमजीत सिंह, जसविंदर सिंह खालसा (ब्लू फोर्स, दिल्ली), हरपाल सिंह, अवतार सिंह लकी, रशपाल सिंह, सुनप्रीत सिंह, तजिंदर सिंह, राजीव सिंह खालसा, यशपाल सिंह, लकी सिंह खालसा, लवली सिंह और सरबजोत सिंह शामिल हैं।सिख प्रतिनिधिमंडल को एक हिंदू संगठन की 'आस्था मां' और हिंदू रक्षा दल के प्रमुख पिंकी भैया का भी खुला समर्थन मिला।

शिकायतकताओं का कहना है कि उनके पास इस मामले से जुड़ी वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें जांच एजेंसियों को सौंपा जाएगा। उनका आरोप है कि इस सामग्री में धार्मिक मान्यताओं के बारे में अपमानजनक बातें, धमकी भरे बयान और ऐसे लाइव-स्ट्रीम वीडियो शामिल हैं जो सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुँचाते हैं। सूत्रों के अनुसार, शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नकली पहचान बनाकर हिंदू और सिख समुदायों के बीच फूट डालने की कोशिश की गई।

**हिंदू-सिख भाईचारे को नुकसान पहुँचाने के आरोपों पर कार्रवाई की मांग**

शिकायतकताओं का मानना है कि ऐसी गतिविधियों का मकसद दोनों समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को कमजोर करना हो सकता है। आशंका है कि इसमें खालिस्तान-समर्थक सोच वाले लोग शामिल हो सकते हैं और उन्हें



बाहरी स्त्रोतों से फंडिंग मिल रही हो सकती है। प्रशासन से इन आरोपों की जांच करने की मांग की गई है। खास तौर पर, शिकायतकताओं–मोहाली के भगत सिंह दोआबी (उर्फ विक्रमजीत सिंह) और दिल्ली के जसविंदर सिंह खालसा (ब्लू फोर्स)–ने पुलिस को बजरिया के होटल आकाश दीप में आरोपी का पता लगाने में मदद की। हालांकि, पुलिस और सिख टीम के पहुंचने से ठीक पहले आरोपी अपनी एक महिला साथी के साथ जल्दबाजी में वहां से भाग गया। उसके कमरे (कमरा नंबर 220) से मिली और बाद में पुलिस द्वारा जब्त की गई चीजों में दो वाई-फाई डोंगल, लाइटिंग का सामान, तिलक और चावल की रस्मों का सामान और एक मोटरसाइकिल (PB 10 K G 9810) शामिल हैं। इस संदर्भ में, गाजियाबाद की कुछ गुरुद्वारा कमेटियों से जुड़े लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि किसी भी धर्म, गुरु, धार्मिक ग्रंथ या समुदाय के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल सामाजिक सद्भाव के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने प्रशासन से तथ्यों की पुष्टि करने और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

इस मुद्दे पर हाल ही में नोएडा स्थित सुदर्शन न्यूज चैनल के स्टूडियो में "हिंदू-सिख एकता और सामाजिक सद्भाव" पर एक विशेष चर्चा आयोजित की गई थी। सुरेश चव्हाणके द्वारा होस्ट की गई इस चर्चा में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**जागरूकता** जागरूक महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है: खुशबू, मिशन शक्ति प्रभारी

# गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी में मिशन शक्ति का जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** थाना सिहानी गेट की मिशन शक्ति टीम द्वारा शनिवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में नारी सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**आज कई ऐसी जानकारियां मिलीं, जिनकी पहले जानकारी नहीं थी – रश्मि चौधरी, पूर्व अध्यक्ष आरडब्ल्यूए**

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा एवं केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी खुशबू बालियान, उपनिरीक्षक त्रिवेणी, महिला कांस्टेबल प्रीति एवं महिला कांस्टेबल हिमांशी ने महिलाओं को 112, 1090, 181 एवं 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के महत्व, साइबर ठगी से बचने के उपाय, डिजिटल सुरक्षा, महिला सुरक्षा कानूनों तथा शासन की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जागरूकता पुस्तिकाएं (पंपलेट) भी वितरित की गईं, ताकि वे स्वयं जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर सकें। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में बिना किसी संकोच के तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस अवसर पर मिशन शक्ति प्रभारी खुशबू ने कहा, जागरूक महिला ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है। प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। जागरूकता ही महिलाओं को आत्मविश्वासी और सशक्त बनाती है तथा अपराधों की रोकथाम में सबसे प्रभावी माध्यम है। उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर समय प्रतिबद्ध है।





कार्यक्रम के समापन पर रश्मि चौधरी, पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य, आरडब्ल्यूए गुलमोहर एनक्लेव ने थाना सिहानी गेट की मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आज हमें कई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं, जिनकी पहले जानकारी नहीं थी। सरकारी हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा और महिलाओं के अधिकारों से जुड़ी जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुंचनी चाहिए। मिशन शक्ति टीम ने बहुत सरल और प्रभावी तरीके से सभी विषयों को समझाया। साथ ही महिलाओं को उपयोगी जानकारी से युक्त पंपलेट वितरित किए गए, जिससे भविष्य में भी इन जानकारियों का लाभ मिलता रहेगा। मैं पूरी टीम का हृदय से धन्यवाद करती हूं और आशा करती हूं कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे। कार्यक्रम में कवल चौधरी, सुमन अग्रवाल, मधु, कविता, अंजुला, नीरू, सीमा सहित दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित महिलाओं ने मिशन शक्ति टीम द्वारा दी गई जानकारी को अत्यंत उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# कार चोरी के दो फरार आरोपितों के विरूद्ध कुर्की नोटिस चस्पा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना अतरौली क्षेत्र में बीते वर्ष को कार चोरी की घटना हुई थी। न्यायालय के आदेश के क्रम में दो फरार आरोपितों के विरुद्ध कुर्की / नोटिस की कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा उनके विरुद्ध नोटिस तामील / चस्पा किए गए हैं। यदि उक्त आरोपित नियत अवधि में न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**फरार आरोपितों का विवरण**

लविश उर्फ शेरू, पुत्र विजयेंद्र उर्फ पप्पू, निवासी मोहल्ला गीता कॉलोनी, थाना क्वार्सी, जनपद अलीगढ़, नसीम पुत्र अख्तर, निवासी गांव सतपुतिया का, थाना नूह सदर, जिला नूह ( मेवात ), हरियाणा, अतरौली पुलिस,थाना कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय के आदेश के क्रम में उपयुक्त दोनों फरार आरोपितों के विरुद्ध कुर्की नोटिस तामील / चस्पा किए हैं।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निदेर्शानुसार फरार आरोपितों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है तथा न्यायालय के आदेशो का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

# जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ के लिये चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी रखी जा रही है ।



महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/ गांव/कस्बा/ स्कूल/कालेज/सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

# कांग्रेस कमेटी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** जिला एव महानगर कांग्रेस कमेटी की आयोजित समीक्षा बैठक में रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व विधायक विवेक बंसल शामिल हुए। इस समीक्षा बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश ब्रज जोन के प्रभारी तौकीर आलम जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान. जिला महामंत्री कैलाश गौतम. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीमती रूही जुबैरी, पूर्व शहर अध्यक्ष हाजी नौशाद कुरैशी, आलोक गौड़, पूरनचंद देशमुख, ओमप्रकाश, डूंगर सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र लोधी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, विक्रम सिंह यादव, अकील कुरैशी, ज्ञान सिंह दिवाकर, अविनाश शर्मा, शाहिद खान, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती हिना मिर्जा,आजम कुरैशी, अखिलेश प्रजापति, मोहम्मद इमरान, रईस गाजी, दीपक पाठक, बाबुद्दीन अब्बासी, शिवा शर्मा, अर्जुन सिंह दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे पवन सेठ राजकुमार शर्मा गुड्डू डागा पुरुषोत्तम दास जगदीश जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।

# लॉज लाइट ऑफ अलीगढ़ नं. 219 ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जो परवाह करता है, वह वास्तव में एक भाई है। इसी संदेश को साकार करते हुए फ्रीमेसोनिक यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे के अवसर पर लॉज लाइट ऑफ अलीगढ़ नं. 219 द्वारा सामाजिक सेवा के उद्देश्य से एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे वॉकथॉन के साथ हुई, जिसमें सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इसके उपरांत प्रातः 10:00 बजे विष्णुपुरी स्थित डॉ. अनीता सिंघल के क्लिनिक में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दंत एवं नेत्र रोगों से संबंधित समस्याओं से पीड़ित 100 से अधिक मरीजों की निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार किया गया।




इस सेवा कार्य में डॉ. अनीता सिंघल (एम.एस.), डॉ. प्रांशु वार्ष्णेय, एम.डी.एस., वरिष्ठ दन्त चिकित्सक तथा डॉ. सौम्या अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में लॉज लाइट ऑफ अलीगढ़ नं. 219 के अधिकांश सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी सदस्यों ने समाज सेवा, मानवीय सहयोग एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

यह आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना और मानव कल्याण के प्रति फ्रीमेसोनिक मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण रहा तथा स्थानीय नागरिकों द्वारा इसकी सराहना की गई।

# श्यौदान सिंह यादव शौचालय घोटाले की जांच को लेकर दूसरे दिन भूख हड़ताल पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** 81 वर्षीय श्यौदान सिंह यादव शौचालय निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। रविवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे । उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांव में शौचालय निर्माण के लिए प्रति लाभार्थी 12-12 हजार रुपये की धनराशि भेजी गई थी।



लेकिन बड़ी संख्या में शौचालयों का निर्माण नहीं हुआ। उनका कहना है कि आज भी महिलाएं और बेटियां खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। धरनारत बुजुर्ग ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और एसडीएम सहित विभिन्न अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें और स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रार्थना पत्र भेजे हैं। हालांकि, उनकी शिकायतों के बावजूद अब तक किसी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। श्यौदान सिंह यादव का आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर पहले ही जांच के आदेश दे देता तो उन्हें इस उम्र में भूख हड़ताल पर बैठने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं में कथित अनियमितताओं की जांच और ग्रामीणों को उनका अधिकार दिलाने के लिए है। दूसरे दिन भी धरना जारी रहने और किसी प्रशासनिक अधिकारी के मौके पर न पहुंचने से यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। श्यौदान सिंह ने कहा है कि जब तक जांच शुरू नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# वेब डिस्टलरी एण्ड ब्रेवरीज में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** अहमदपुरा स्थित वेब डिस्टलरी एण्ड ब्रेवरीज (बियर फैक्ट्री) में मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के आदेश पर अग्निशमन सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतरौली बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में संस्थान में अग्निशमन सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल एवं इवैक्यूएशन ड्रिल कराई गई। ड्रिल के दौरान आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षित निकासी और बचाव कार्य की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। बिजेंद्र सिंह ने उपस्थित स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों जैसे फायर एक्साटिंग्विशर, हाइड्रेंट, फायर अलार्म आदि के संचालन की विस्तृत जानकारी दी तथा इनके उपयोग की व्यावहारिक ट्रेनिंग भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि नियमित ड्रिल से कर्मचारियों की तैयारियों को मजबूत किया जा सकता है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की हानि को रोका जा सके।



## संक्षिप्त समाचार

### 25 जून को अज्ञात युवक के शव शिनाख्त त्रिदेव के रूप में हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त कासिमपुर गांव के त्रिदेव कुमार के रूप में हुई, जिसकी 25 जून को कुलवा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। शिनाख्त नहीं होने के कारण रेलवे पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में मोर्चरी में रखवा दिया था। बताते हैं कि 30 वर्षीय त्रिदेव कुमार पुत्र स्व. प्रमाद कुमार जो कि अतरौली थाना क्षेत्र के कासिमपुर निवासी था। परिजनों के अनुसार त्रिदेव 22 जून को नौकरी की तलाश में घर से निकला था। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिवार लगातार उनकी तलाश कर रहा था। इसी दौरान एक सोशल मीडिया ग्रुप में अज्ञात शव की तस्वीर वायरल हुई। फोटो देखकर परिजनों ने पहचान की और पुलिस से संपर्क किया। पहचान की पुष्टि होने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।



### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, गांव में शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली (अलीगढ़)।** अतरौली क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर गदाईपुर अतरौली जिला अलीगढ़ निवासी त्रिदेव पुत्र श्री प्रमोद कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष की कलुआ रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि त्रिदेव किसी कारणवश कलुआ स्टेशन के समीप पहुंचे थे, जहां ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। त्रिदेव के असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, नकदी समेत कीमती सामान ले उड़े चोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली (अलीगढ )।** अतरौली नगर की श्याम सरोवर कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना उस समय हुई जब मकान में रहने वाला परिवार गांव गया हुआ था। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से गांव जामुना निवासी संजय कुमार परिवार सहित श्याम सरोवर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। 21 जून को वह परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने गांव चले गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने घर के ताले टूटे पाए और अंदर का सामान बिखरा मिला। चोर घर से करीब 8 हजार रुपये नकद समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने पुलिस से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।



# जमीन के बंटवारे पर बवाल! दबंग पड़ोसी पर मारपीट, झूठे मुकदमे और जान से मारने की धमकी का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** हरदुआगंज थाना क्षेत्र से पैतृक संपत्ति को लेकर पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। गांव सपेरा भानपुर निवासी शान मोहम्मद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर अपने दबंग पड़ोसी और अन्य लोगों पर मारपीट, झूठे आरोप लगाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।प्रार्थी के अनुसार, करीब 280 वर्ग गज पैतृक जमीन का अब तक बंटवारा नहीं हुआ है। इसी जमीन को लेकर उसका बड़ा भाई, भाभी और अन्य लोग लगातार विवाद कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि 26 जून 2026 को उसका भाई और शाकिर सहित अन्य लोग लोहा-लाठी लेकर पहुंचे और उसके साथ झगड़ा किया। इतना ही नहीं, उसकी पत्नी के साथ जमकर मारपीट कीऔर झूठा आरोप लगाकर उसके मायके वालों को भी भड़काया गया, जिससे परिवार में तनाव और बढ़ गया। फिलहाल महिला का उपचार निजी अस्पताल में जारी शान मोहम्मद का दावा है कि उसके पास पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी मौजूद है। उसने आरोप लगाया दबंग पड़ोसी शकिर ने धमकी दी कि "आगे-आगे देख लेना, कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता।"पीड़ित ने एसएसपी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रार्थना पत्र की शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए फिलहाल यह आरोप शिकायतकर्ता के हैं। मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई के बाद ही तथ्य पूरी तरह स्पष्ट हो सकेंगे।



**आयोजन**

## 2047 तक जैव ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा भारत : जुएल ओराम

# एएनए एवं आकलन द्वारा आयोजित ग्रीन पावर इंडिया 2026 कॉन्क्लेव का आयोजन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी), नई दिल्ली के मल्टीपर्पज हॉल में एएनए एवं आकलन द्वारा आयोजित "ग्रीन पावर इंडिया 2026 - राष्ट्रीय कॉन्क्लेव" का सफल एवं गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा सुरक्षा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु नीति-निमार्ताओं, विशेषज्ञों, उद्योग जगत, वैज्ञानिकों एवं सामाजिक संगठनों को एक साझा मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक जैव ईंधन एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों, स्थानीय ज्ञान और नवाचारों के बेहतर उपयोग पर बल देते हुए कहा कि जैव ईंधन भविष्य में भारत की ऊर्जा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनेगा और ऊर्जा आयात पर निर्भरता लगातार कम होगी।

विशिष्ट अतिथि भारत में पलाऊ गणराज्य के कॉन्सुल जनरल डॉ. नीरज ए. शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को जनआंदोलन का स्वरूप देना होगा। उन्होंने कृषि अवशेषों से जैव ईंधन निर्माण को किसानों की आय बढ़ाने और पराली जलाने की समस्या के स्थायी समाधान का प्रभावी माध्यम बताया। मुख्य वक्ता गौतम मेहरा, निदेशक, प्रपतैराम सॉल्यूशंस एवं MeitY द्वारा नियुक्त ई-वेस्ट मैनेजमेंट एक्सेलेरेटर, ने पर्यावरण संरक्षण, ई-वेस्ट प्रबंधन तथा हरित प्रौद्योगिकी को संस्थागत रूप से और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। लोकसभा सचिवालय के पूर्व निदेशक शिव कुमार बिलग्रामी ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक बताई, जबकि ABYO-GASMS Foundation के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी ने योग, स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण को एक-दूसरे का पूरक बताया। कार्यक्रम के आयोजक एवं आकलन के प्रधान संपादक वी. राज बाबुल ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी को समान महत्व दिया जाएगा।




उन्होंने बताया कि सह-प्रायोजक Unlimited Greens द्वारा सभी अतिथियों को ग्रीन प्लांट्स भेंट कर कार्यक्रम की थीम को सार्थक रूप दिया गया। उन्होंने संस्था के चेयरमैन वाई.पी. सिंह एवं ओजस्वी जी का विशेष आभार व्यक्त किया। कॉन्क्लेव में "Advancing Sustainable Energy for a Greener India" विषय पर विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ईंधन, ई-वेस्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, हरित प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

देशभर से आए विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हरित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक NHPC, NTPC, PFCL, SJVN एवं POWERGRID रहे, जबकि सह-प्रायोजकों में Unlimited Greens, Lok Kala Parishad, रविवार दिल्ली एवं Litigation Fundings शामिल रहे। मीडिया पार्टनर के रूप में NEXT 9 NEWS, IN-DINON Group of Publications, Hanuman News, AAPKI BAAT (DD National), AAPKI SEHAT, Policy Samvad एवं मार्गोदय ने सहयोग किया।कार्यक्रम के अंत में आयोजक वी. राज बाबुल ने सभी मुख्य एवं सह-प्रायोजकों, मीडिया पार्टनर्स, अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ऐसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भाजपा सांसद अरुण गोविल से की भेंट

▸▸ 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से टीईटी अनिवार्यता हटाने की मांग,सौंपा ज्ञापन
▸▸ सांसद ने मानसून सत्र में शून्यकाल में मुद्दा उठाने का दिया आश्वासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देश पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ,हापुड़ के प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद अरुण गोविल से भेंट कर सेवारत शिक्षकों से टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष अशोक कश्यप के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने सांसद से वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों और उत्तर



प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को समर्थन पत्र भेजा जाए। साथ ही संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाकर विधायी संशोधन कराया जाए। कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय कुमार त्यागी ने सांसद के समक्ष शिक्षक समाज की चिंताओं,विधिक तथ्यों, प्राकृतिक न्याय एवं मानवीय पक्ष को रखा। महामंत्री आदर्श गोयल ने आग्रह किया कि शिक्षक हितों की रक्षा करते हुए न्यायसंगत एवं संवेदनशील निर्णय लिया जाए।

सांसद अरुण गोविल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को मानसून सत्र में पुरजोर तरीके से संसद में शून्यकाल के दौरान उठाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में संगठन मंत्री मोहर सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सक्सेना,धर्मवीर सिंह, बृजपाल,मनोज पाल,अरविंद,सुमित,शेखर समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धौलाना एसडीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना थाने में थाना दिवस का आयोजन धौलाना एसडीएम मनोज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। दिवस में धौलाना तहसीलदार प्रवेश कुमार, सीओ मुनेश कुमार, और धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई



**आयोजित समाधान दिवस में कई शिकायत निस्तारित तो कई के निस्तारण के निर्देश**

के निर्देश दिए गए। इस मौके पर थानेदार अवनीश शर्मा ने कहा की हर फरियादी की शिकायत का निस्तारण समयबद्ध न्याय संगत कराया जाना हमारी जिम्मेदारी है । वही थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों का जहां मौके पर निस्तारण हुआ तो कार्रवाई के लिए भी निर्देशित किया गया । इस मौके पर लेखपालों सहित समस्त थाना स्टाफ की मौजूदगी रही ।

# टीएससीटी यूपी में 248 करोड़ से 596 मृतक शिक्षकों के परिवारों की चुकी है मदद : नौशाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के मृतक शिक्षकों को सरकार या विभाग समय से समय पर मुआवजा नहीं मिलता है। जिस कारण मृतक शिक्षकों के परिजनों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ता है। ऐसी स्थिति में टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मद्द करने का कार्य बखूबी निभा रही है। टीएससीटी दिवंगत शिक्षक के परिजनों की करीब 55 लाख रुपये की मद्द कर रही है। जनपद में टीएससीटी तीन दिवंगत

▸▸ टीचर्स सेल्फ केयर टीम दिवंगत शिक्षकों के परिजनों के लिए बनी मसीहा
▸▸ टीएससीटी द्वारा मृतक शिक्षक के परिजनों को दिये जाते है,करीब 55 लाख रुपये
▸▸ जनपद में 3 मृतक शिक्षकों की परिजनों की हो चुकी है मद्द,चौथे की जारी
▸▸ हापुड़ के गढ़ में तैनात शिक्षिका मोनी की श्वास रोग से मौत हुई थी
▸▸ टीएससीटी के यूपी में 3 लाख से अधिक व जिले में 2 हजार शिक्षक सक्रिय सदस्य

शिक्षकों की मद्द कर चुकी है,चौथे परिवार की मद्द की जा रही है।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों ने वेबसाइट बनाकर टीएससीटी स्वयं सहायता समूह बनाया गया है। जिसमें वर्तमान में प्रदेश में करीब माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत तीन लाख से अधिक शिक्षक टीम से जुड़ चुके है। जबकि जनपद हापुड़ में 2000 हजार से अधिक शिक्षक भी सक्रिय सदस्य है। इस समूह से जुडने वाले मृतक शिक्षकों के आश्रितों के बैंक खातों में प्रदेश भर के शिक्षकों को करीब 16 रुपये की धनराशि भेजकर मद्द कर रहे है। उत्तर प्रदेश में टीएससीटी द्वारा अभी तक 596 मृतक शिक्षकों के परिवारों की मद्द कर चुकी है।

उन्होंने बताया कि टीएससीटी क प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जो अपने-अपने जनपदों में टीम से जुड़े मृतक शिक्षकों की आर्थिक स्थिति का भौतिक सत्यापन



जयश्री


नौशाद अली


डा.सुमन अग्रवाल


डा.अकील


योगेश सैनी


मृतक शिक्षिका मोनी


मृतक शिक्षिका के परिवार को निरीक्षण करते संगठन पदाधिकारी

करते है। जिसके उपरांत मृतक शिक्षक के परिवार की मद्द की जाती है।

**टीएससीटी ने इन मृतक शिक्षकों के परिजनों की मद्द**

| मृतक शिक्षक | जनपद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1-अरविन्द त्यागी | हापुड़ | 50 लाख |
| 2-वरुण सक्सेना | अलीगढ़ | 55 लाख |
| 3-फारुख शमीम | देवरिया | 55 लाख |
| 4-संतोष कुमार | संत कबीर नगर | 55 लाख |
| 5-विजय कुमार मिश्रा | महराजगंज | 55 लाख |
| 6-शीशपाल | सहारनपुर | 55 लाख |
| 7-लखन सिंह | आगरा | 55 लाख |
| 8-रचना सिंह | कौशाम्बी | 55 लाख |
| 9-मनोज कुमार चौधरी | अमेठी | 55 लाख |
| 10-नरेन्द्र कुमार सहित | कासगंज | 55 लाख |
| 11-राजीव सैनी | हापुड़ | 55 लाख |
| 12 मोनी सहयोग जारी | हापुड़ | 49 लाख |

**प्रत्येक टीएससीटी सदस्य करता है,मद्द**

टीम के सदस्य डा.अकील मलिक ने बताया गया कि टीचर्स सेल्फ केसर टीम का सदस्य कम से कम 16 रुपये की मद्द मृतक शिक्षक या उसकी नामिनी के खाते में भेजता है।

**टीएससीटी से जुडने की अपील की**

जनपद में टीचर्स सेल्फ केयर टीम से सबसे पहले शिक्षक डा.अकील मलिक जुड़े थे। जिसके बाद कारवां बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में टीएससीटी के जनपद में करीब 2000 शिक्षक जुड़े हुए है। उन्होंने जनपद के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में तैनात शिक्षकों से टीएससीटी से जुडने की अपील की है।

**मृतक शिक्षक के परिजनों की मद्द करने की तैयारी**

टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक नौशाद अली ने बताया कि जनपद के गढ़मुक्तेश्वर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय एक में तैनात शिक्षिका मोनी की श्वास रोग से 4 अप्रैल 2025 मौत हो गयी थी। अब संगठन द्वारा मृतक शिक्षिका के परिजनों का सहयोग किया जा रह है।

**यूपी में 596 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की मद्द की**

संगठन की मेरठ मंडल प्रवक्ता जयश्री ने बताया कि टीएससीटी उत्तर प्रदेश में अब तक 596 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों की 248 करोड़ 36 लाख से मद्द कर चुकी है। संगठन द्वारा आगे भी सहयोग जारी रहेगा।

**चार वर्ष पूर्व हुआ था टीएससीटी का गठन**

टीएससीटी के सक्रिय सदस्य योगेश सैनी ने बताया कि 26 जुलाई 2020 को टीएससीटी गठन हुआ था।

जिसके बाद से कारवां बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में टीएससीटी 3 लाख 67 हजार सक्रिय सदस्य है। टीएससीटी द्वारा जनपद हापुड़ में भी तीन दिवगंत शिक्षकों के परिजनों की मद्द कर चुकी है। चौथे की जारी है।

**दिवंगत शिक्षक के घर का स्थलीय निरीक्षण किया**

टीएससीटी जिलाध्यक्ष नौशाद अली ने बताया कि संस्था अध्यक्ष विवेकानंद के प्राप्त निदेर्शों के अनुसार हापुड़ जिला संयोजक नौशाद अली के नेतृत्व में मंडल प्रवक्ता जयश्री,सह संयोजिका श्वेता,गढ़ ब्लाक मंत्री रविन्द्र सिंह,सिंभावली ब्लाक मंत्री आशा,उपेन्द्र मोहन,मौहम्मद वसीम,रघुवीर सिंह,मौहम्मद दिलशाद कोषाध्यक्ष ने दिवंगत शिक्षिका मोनी के परिवार का निरीक्षण किया था।

# समय से आगे की अपनी सोच के लिए जाने जाते थे पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी : विजय शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना** । देश को एक तरफ जाने और कश्मीर को बचाने के लिए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान हुए थे । धौलाना के ग्राम फगौता में उस महान आत्मा को नमन किया। इस मौके पर एकत्र भाजपाइयों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन संघर्ष का गुणगान किया ।

**आजादी के लिए पंडित जी का योगदान भुलाया नहीं जा सकता : योगेश शिशोदिया मंडलाध्यक्ष**

धौलाना के गांव शाहपुर फगौता में युवा भाजपा नेता एड अंकित शर्मा के निवास पर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी / जनसंघ की नीव रखने एवं हमेशा देश हित किए गए कार्य के लिए पंडित जी को नमन किया गया । इस मौके पर मंडल महा मंत्री विजय शर्मा ककराना ने कहा की राष्ट्र भक्ति की





विचार धारा रखने वाले परम पूज्य पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी वक्त से आगे की बात जान लेते थे। वे जानते थे आगे चलकर भारत राष्ट्र की क्या दशा होने वाली है। इसलिए उन्होंने अथक प्रयास से जनसंघ की स्थापना की। जिससे राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा हो सके। पंडित जी महान देश वक्त और सामर्थ्यवान विचारक थे। बार बार नमन है उस महान आत्मा को । इस दौरान भाजपाइयों ने अपने विचार रखे । इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राज सुंदर तेवतिया, जिला मंत्री सन्नी तोमर, धौलाना मण्डल अध्यक्ष योगेश शिशोदिया, मंडल मंत्री राहुल राणा, अंकित शर्मा, सुरेन्द्र पाल सिंह मुन्ना ढीकरी,आर्य जी बीघेपुर, एड विनोद राणा ककराना , अंकुर शर्मा, भूपेंद्र सरपंच, अनुज राणा, सहित मंडल के धौलाना विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ : जिले में 692 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को जनपद में जिला अधिकारी कविता मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.किशोर कुमार आहूजा के नेतृत्व में राष्ट्रीय

**जिले में 274600 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया**

पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 692 पोलियो बूथों का सफल आयोजन किया गया। अभियान के दौरान शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. किशोर कुमार आहूजा ने बताया कि जनपद में कुल 2,74,600 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग



द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ योगेश गुप्ता ने बताया कि बूथ दिवस के उपरांत सोमवार से 530 पोलियो टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके हैं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनपद का कोई भी पात्र बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे।

जिला अधिकारी महोदया कविता मीना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर कुमार आहूजा ने जनपदवासियों से अपील की है,कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में सहयोग प्रदान करें।

# ग्रीन वैली कॉलोनी में भाजपा सदर विधायक भव्य स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को ग्रीन वैली कॉलोनी में भाजपा सदर विधायक विजयपाल आढ़ती का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम

**विधायक ने सड़क-जल निकासी की समस्या के जल्द समाधान का दिया आश्वासन**

आयोजित किया गया। जिसका आयोजन ग्रीन वैली कॉलोनी संघर्ष सेवा समिति और व्यापारी सुरक्षा फोरम पंजीकृत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भाजपा सरकार के दौरान प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ा है। हापुड़ विधानसभा की लगभग सभी सड़कों का पुनर्निर्माण हो चुका है,और पूरा प्रदेश भयमुक्त





वातावरण में है। हापुड़ विधानसभा का कोई भी गांव और क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है। विधायक ने ग्रीन वैली कॉलोनी की जर्जर सड़क और जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। सेवा समिति के संयोजक योगेश गोयल ने बताया कि रेलवे लाइन के पास जलभराव की निकासी के लिए पहले भी प्रयास किए गए हैं। कार्यक्रम में व्यापारी सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष अरुण गर्ग ने प्रस्तावना रखी। मंच संचालन प्रो. सुबोध शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संजय शर्मा ने किया। इस दौरान राजेंद्र कुमार आडवाले,दीपक गोयल, राजेश शर्मा,रामपाल सिंह वर्मा,मनोज वर्मा, ओमपाल सिंह, राजसिंह, योगेंद्र अग्रवाल,पवन सिवाल, मनोज गोयल, नीरज शर्मा,अजय शर्मा, रोहतास निराला,जयवीर सिंह, ब्रह्मसिंह, सुनील गर्ग,विशाल कुमार,राजकमल, रविन्द्र कटारिया सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

**हंगामा**

## प्रदर्शनकारियों ने ऊर्जा निगम के खिलाफ की नारेबाजी

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती को लेकर लोगों ने किया जमकर हंगामा,लगाया जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार सुबह टूट भीषण गर्मी में बिजली कटौती से क्षुब्ध होकर लोगों ने एक घंटे तक चक्का जाम कर दिया और ऊर्जा निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप

**सदर एसडीएम ने दिया आश्वासन, प्रदर्शनकारी हुए शांत**

है कि इन मोहल्लों में पिछले तीन दिन से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। बिजली न होने से इलाके में पीने के पानी का भी भारी संकट पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि ऊर्जा निगम के अधिकारियों से कई बार लिखित-मौखिक शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। बच्चों और बुजुर्गों का घरों





में रहना दूभर हो गया है।

प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाये गये जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर पुलिस व देख एसडीएम सदर इला प्रकाश मौके पर पहुंचीं। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके से ही ऊर्जा निगम के अधिकारियों से बात कर जल्द आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम 135वॉ संस्करण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को भाजपा के जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने जिले में विभिन्न बूथों व अपने-अपने घरों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 135वें

▸▸ भाजपा कार्यकताओं ने विभिन्न बूथों पर लाइव प्रसारण देखा व सुना
▸▸ पीएम ने देश की प्राचीन परंपराओं,योग और आत्मनिर्भरता पर बल दिया

संस्करण का लाइव प्रसारण देखा व सुना। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम ने देश की प्राचीन परंपराओं,योग और आत्मनिर्भरता पर बल दिया।

आपको बता दें,कि रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात 135 वें संस्करण को देखने व सुनने के लिए भाजपा जनप्रतिनिधि,पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिले में विभिन्न बूथों पर उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने प्रमुखता से देश की





प्राचीन परंपराओं,योग और आत्मनिर्भरता पर बल दिया। सरकार देश के करोड़ों परिवारों तक सुरक्षा कवच पहुंचा रही है। उन्होंने नागरिकों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और डिजिटल लर्निंग की ओर बढने का आहवान किया।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुनने व देखने से कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। उनके आत्मनिर्भर भारत के आहवान को बूथ स्तर तक जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सम्पादकीय

# विमानन उद्योग संकट में



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

खबरों के मुताबिक एयर इंडिया उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने जा रही है। इस बीच उसकी सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठे हैं।

घाटे की दलील देकर दशकों से एयर इंडिया के निजीकरण के पक्ष में माहौल बनाया गया। कहा जाता था कि नौकरशाहों के अकुशल प्रबंधन और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण करदाताओं के हजारों करोड़ रुपए डूबाए गए हैं। आखिरकार इन तर्कों की जीत हुई। 2022 में नरेंद्र मोदी सरकार ने एयर इंडिया को टाटा ग्रुप को सौंप दिया। मगर अब हाल यह है कि सिर्फ गुजरे साल में कंपनी को तीन बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इसके मद्देनजर कंपनी ने उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने का फैसला किया है। इस बीच एयर इंडिया की सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। एक साल गुजरने के बाद भी एआई-171 की हुई दुर्घटना के कारण अज्ञात हैं। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने कहा है कि उड़ान भरने के महज 32 सेकंड बाद हुई इस भीषण दुर्घटना की वजह के बारे में ठोस नतीजे तक पहुंचने में उसे अभी और वक्त लगेगा। उचित ही इसे एएआईबी की दर्दनाक अकुशलता का सबूत बताया गया है। गौरतलब है, एयर इंडिया के निजी हाथ में जाने के साथ भारतीय विमानन क्षेत्र में लगभग ड्यूओपॉली (दो कंपनियों का वर्चस्व) बन गई। उनमें से एक कंपनी- इंडिगो ने पायलटों की कार्यस्थिति संबंधी नियमों को लेकर सेवाओं को ही अस्त-व्यस्त कर देने का जो कथित नजरिया अपनाया, उससे प्रतिस्पर्धा खत्म होने के जोखिम खुल कर सामने आ गए थे। आज सूरत है कि दोनों कंपनियां यात्री किराए में मनमानी बढ़ोतरी करती हैं। यात्रियों के सामने विकल्प ना होने के जितने लाभ हो सकते हैं, उन्हें उठाने के आरोप उन पर लगे हैं। यह तर्क आंशिक रूप से ही सच है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण यह सब हुआ। ऐसी अवधि कोई नहीं थी, जब ऐसे हालात सामने नहीं आते थे। तब सरकारी विमान कंपनी घाटा सहकर भी यात्रियों के हितों को तरजीह देती थी। मगर अब यात्रियों के हित प्राथमिकता में सबसे निचले पायदान पर हैं। फिर भी विमानन उद्योग संकट में है। इस उद्योग की नाकामी की इससे बड़ी मिसाल और क्या होगी?

## आज का विचार




# वर्दी का भय या कानून का विश्वास?

विनोद कुमार सिंह

लोकतंत्र की सफलता केवल चुनावों,सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी आंकी जाती है कि आम नागरिक स्वयं को कितना सुरक्षित,सम्मानित और स्वतंत्र महसूस करता है।जब कोई नागरिक,सामाजिक कार्यकर्ता या पत्रकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए भयमुक्त होकर प्रश्न पूछ सकता है,तभी लोकतंत्र वास्तव में जीवंत माना जाता है।लेकिन जब कानून की रक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही भय पैदा करने के आरोप लगने लगें,तब लोकतंत्र के सामने गंभीर प्रश्न खड़े हो जाते हैं। गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालपुर गाँव में 25 जून 2026 को सामने आई एक कथित घटना ने ऐसे ही अनेक सवालों को जन्म दिया है।आरोप है कि सादे वेश में कुछ पुलिसकर्मी बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से गाँव पहुँचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिसिया रौब दिखाया। आरोप यह भी है कि एक मान्यता प्राप्तपत्रकार द्वारा अपना परिचय पत्र दिखाने के बाद भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया।यद्यपि इन आरोपों की निष्पक्ष जाँच और पुलिस प्रशासन का पक्ष सामने आना अभी शेष है,फिर भी यह घटनाक्रम लोकतंत्र, पत्रकारिता और पुलिस जवाबदेही पर व्यापक चर्चा की माँग करता है।सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या पत्रकार भीड़ का हिस्सा है? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से ह्यनहींह्ण है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है।वह न सत्ता का प्रतिनिधि होता है और न ही विपक्ष का। उसका दायित्व जनता और शासन के बीच सूचना का सेतु बनना है।संविधान के अनुच्छेद19(1)(क)के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार नागरिकों को प्राप्त है, पत्रकार उसी अधिकार का सामाजिक विस्तार है।उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण से जुड़े पत्रकार पिछले लगभग तीन दशकों से देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे हैं।वे अनेक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पत्रकार संगठनों, प्रेस एसोसिएशनों तथा पत्रकार मंचों से जुड़े रहे हैं और जनसरोकार,प्रशासनिक जवाबदेही, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा ग्रामीण भारत से जुड़े विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं।ऐसे में यदि किसी वरिष्ठ और मान्यता प्राप्त पत्रकार के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार या धमकी जैसी स्थिति उत्पन्न होती है,तो यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति की गरिमा का नहीं रह जाता,बल्कि पत्रकारों की कार्य-स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा से भी जुड़ जाता है।भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक अवसरों पर कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। यदि पत्रकार भयमुक्त नहीं रहेगा, तो जनता तक सत्य और सूचना का प्रवाह भी बाधित होगा। इसलिए किसी पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं,बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़ा विषय बन जाता है।दूसरी ओर यह भी उतना ही सत्य है कि पुलिस व्यवस्था किसी भी राज्य की रीढ़ होती है।झारखंड जैसे राज्य में पुलिस की भूमिका और भी चुनौतीपूर्ण है।राज्य लंबे समय तक नक्सलवाद,संगठित अपराध, अवैध खनन,साइबर अपराध तथा सामाजिक तनावों जैसी




समस्याओं से जूझता रहा है।हाल के वर्षों में झारखंड पुलिस ने अपराध नियंत्रण और उग्रवाद विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अपराधियों की गिरफ्तारी,अवैध हथियारों की बरामदगी और साइबर अपराध के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ रही हैं।

गोड्डा जिला भी इससे अछूता नहीं है। जिले में समय-समय पर अवैध हथियारों,आपराधिक गिरोहों,भूमि विवादों तथा संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान चलाए जाते रहे हैं। ऐसे में पुलिस को कई बार त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करनी पड़ती है,लेकिन लोकतंत्र में किसी भी कार्रवाई की वैधता केवल उसके उद्देश्य से नहीं,बल्कि उसकी प्रक्रिया से भी तय होती है।

यही वह बिंदु है जहाँ नागरिक अधिकारों और पुलिस शक्तियों के बीच संतुलन आवश्यक हो जाता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार देता है। इसका अर्थ यह है कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपमानजनक व्यवहार नहीं किया जा सकता।यदि पुलिस पूछताछ करती है तो नागरिक को यह जानने का अधिकार है कि उससे पूछताछ करने वाला व्यक्ति कौन है और किस अधिकार के तहत कार्रवाई कर रहा है।सवाल यह भी है कि यदि पुलिस सादे वेश में कार्रवाई कर रही हो तो उसकी पहचान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है?आज के दौर में जब अपराधी भी स्वयं को पुलिस बताकर लोगों को ठगने लगे हैं,तब आम नागरिक के मन में संदेह होना स्वाभाविक है।इसलिए पारदर्शिता केवल नागरिक का अधिकार नहीं,बल्कि पुलिस प्रशासन की भी आवश्यकता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)के आँकड़े बताते हैं कि झारखंड के सामने अपराध नियंत्रण की चुनौती अभी भी बनी हुई है। हत्या,साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और आर्थिक अपराध जैसी समस्याएँ राज्य के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसी परिस्थितियों में पुलिस को अधिक अधिकार और संसाधन मिलना चाहिए, लेकिन उतनी ही मजबूती से जवाबदेही की व्यवस्था भी सुनिश्चित होनी चाहिए।

लोकतंत्र का मूल सिद्धांत यह है कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।यह सिद्धांत नागरिक पर भी लागू होता है और वर्दी पर भी। पुलिस की शक्ति संविधान से आती है, भय से नहीं।यदि किसी नागरिक या पत्रकार को यह महसूस हो कि उसके साथ अन्याय हुआ है,तो उसे शिकायत करने, जाँच की माँग करने और न्याय पाने का अधिकार है।आज आवश्यकता पुलिस बनाम पत्रकार की बहस की नहीं है। आवश्यकता पुलिस और पत्रकार के बीच विश्वास बहाली की है। दोनों ही लोकतंत्र की सेवा कर रहे हैं। पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करती है और पत्रकार उस कार्रवाई को जनता तक पहुँचाता है। दोनों का लक्ष्य अंततः जनहित ही है।यदि लालपुर की घटना में लगाए गए आरोप गलत सिद्ध होते हैं, तो इससे पुलिस की प्रतिष्ठा और मजबूत होगी।यदि कहीं किसी स्तर पर चूक या दुर्व्यवहार पाया जाता है, तो निष्पक्ष कार्रवाई से जनता का विश्वास बढ़ेगा। दोनों ही परिस्थितियों में सत्य,पारदर्शिता और विधि का शासन ही लोकतंत्र का सबसे बड़ा आधार है।झारखंड पुलिस के हजारों अधिकारी और जवान कठिन परिस्थितियों में दिन-रात सेवा दे रहे हैं।उनके योगदान का सम्मान होना चाहिए।लेकिन उतना ही आवश्यक यह भी है कि आम नागरिक, पत्रकार और समाज के कमजोर वर्ग स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें।लोकतंत्र में वर्दी का सम्मान और नागरिक की गरिमा–दोनों साथ-साथ चलते हैं।

कानून का राज केवल अपराधियों को पकड़ने से स्थापित नहीं होता। कानून का राज तब स्थापित होता है जब आम आदमी बिना भय के अपने अधिकारों का उपयोग कर सके, पत्रकार बिना दबाव के प्रश्न पूछ सके और पुलिस बिना पक्षपात के कानून लागू कर सके।

गोड्डा जिले की यह कथित घटना चाहे जिस निष्कर्ष तक पहुँचे,उसने एक महत्वपूर्ण प्रश्न अवश्य खड़ा किया है-क्या हम भय आधारित व्यवस्था चाहते हैं या विश्वास आधारित शासन? लोकतंत्र का उत्तर स्पष्ट है।वर्दी का सम्मान होना चाहिए, लेकिन संविधान उससे भी ऊपर है। पत्रकार का सम्मान होना चाहिए, क्योंकि वह जनता की आवाज है। और सबसे बढ़कर,आम नागरिक का सम्मान होना चाहिए,क्योंकि वही लोकतंत्र का वास्तविक स्वामी है।जब वर्दी में संवेदनशीलता होगी, कलम में निर्भीकता होगी और नागरिक के मन में विश्वास होगा, तभी झारखंड की कानून-व्यवस्था वास्तव में मजबूत मानी जाएगी। यही लोकतंत्र की आत्मा है,यही संविधान की भावना है और यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति भी।

# धरती ने जब 40 सेकंड में उजाड़ दी एक पूरी दुनिया

कभी-कभी प्रकृति ऐसा प्रहार करती है कि इंसान की सारी वैज्ञानिक उपलब्धियां, ऊंची-ऊंची इमारतें और आधुनिक तकनीक पलभर में बौनी नजर आने लगती हैं। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंपों ने एक बार फिर पूरी दुनिया को यही संदेश दिया है कि कुदरत के सामने मनुष्य कितना असहाय है। महज 40 सेकंड के भीतर आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली झटकों ने राजधानी कराकास सहित उत्तर-मध्य क्षेत्र को मलबे के विशाल मैदान में बदल दिया। हजारों परिवार उजड़ गए, सैकड़ों इमारतें धराशायी हो गईं और लाखों लोगों का जीवन हमेशा के लिए बदल गया।



कांतिलाल मांडोत

इस त्रासदी के बीच एक ऐसा दृश्य भी सामने आया जिसने पूरी दुनिया की आंखें नम कर दीं। एक गर्भवती महिला ढही हुई इमारत के मलबे के नीचे फंसी थी। वहीं उसने एक बच्ची को जन्म दिया। बचाव दल ने छत तोड़कर नवजात को सुरक्षित बाहर निकाला। मौत और जिंदगी के बीच झूलती इस बच्ची का जन्म मानव साहस और उम्मीद का प्रतीक बन गया। यह दृश्य बता गया कि सबसे भीषण अंधेरे में भी जीवन अपनी राह खोज ही लेता है। भूकंप के बाद कराकास की तस्वीरें किसी युद्धग्रस्त शहर जैसी दिखाई दीं। बहुमंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखर गईं। अस्पतालों की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और मरीजों को व्हीलचेयर तथा अस्पताल के बिस्तरों सहित सड़कों पर लाना पड़ा। खुले मैदानों, सड़कों और राहत शिविरों में हजारों लोग रात बिताने को मजबूर हैं। हर तरफ धूल, मलबा, सायरनों की आवाज और अपनों की तलाश में भटकते लोगों की चीख-पुकार सुनाई दे रही है। राहत और बचाव अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। रेस्क्यू टीमें लगातार मलबा हटाकर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रही हैं। कई स्थानों पर जीवित लोगों को बाहर निकाला गया है, तो कहीं पालतू जानवरों को भी सुरक्षित बचाया गया।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

## वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# आस्था पर आघात करती चोरी की घटनाएँ



अरविंद रावल

युगों युगों से मानव जाति की आस्था का प्रमुख केंद्र रहे और जन जन के रोम रोम में बसने वाले प्रभु श्रीराम के मंदिर में चोरी की घटना की खबर ने केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्वभर के करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई है। विश्व के लगभग सभी धर्मों के पूजा स्थलों पर समय समय पर चोरी की घटनाएं होती रही हैं। ऐसी घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह अवश्य लगते हैं, किंतु अयोध्या के श्रीराम मंदिर में सामने आई चोरी की घटना ने करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को भी झकझोर दिया है। जिस मंदिर की सुरक्षा चौबीसों घंटे अत्याधुनिक तकनीक, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होती हो, वहाँ यदि करोड़ों रुपये मूल्य की दान राशि अथवा आभूषणों की चोरी की बात सामने आए, तो यह केवल आश्चर्य का विषय नहीं, बल्कि मंदिर प्रबंधन, प्रशासन और समाज तीनों के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय है। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि मंदिर की दान राशि और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कुछ लोग ही इस कृत्य में शामिल थे, तो यह न केवल निंदनीय, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात होगा। भगवान को श्रद्धापूर्वक अर्पित दान में बेईमानी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि धार्मिक और नैतिक विश्वास का भी घोर उल्लंघन है। दुःखद यह है कि जो स्वयं को प्रभु श्रीराम का अनन्य भक्त बताते हैं, यदि उन्हीं के हाथों मंदिर की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लग जाए, तो यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है। यह वही कहावत चरितार्थ करती है "जब बाड़ ही खेत खाने लगे, तो खेत की रक्षा कौन करेगा?" विदेशी आक्रांताओं द्वारा हमारे धार्मिक प्रतीकों को क्षति पहुँचाने से जितनी पीड़ा हुई होगी, उससे कहीं अधिक वेदना तब होती है, जब अपने ही लोग स्वार्थवश आस्था के केंद्रों को कलंकित करें। क्योंकि बाहरी आक्रमणों से अधिक घातक भीतर का विश्वासघात होता है। लगभग पांच सौ वर्षों के अथक संघर्ष और सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के बाद 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। उस ऐतिहासिक क्षण ने करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को नया जीवन दिया। तब से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े होकर बिना किसी शिकायत के प्रभु के दर्शन करते रहे हैं और श्रद्धा पूर्वक अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान अर्पित करते रहे हैं। अनुमानतः अब तक 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं तथा मंदिर को हजारों करोड़ रुपये का चढ़ावा प्राप्त हुआ है। ऐसे में यदि दान राशि में अनियमितता अथवा चोरी के आरोप सामने आते हैं, तो यह केवल मंदिर प्रबंधन की चूक नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की जवाबदेही का प्रश्न बन जाता है। यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की आर्थिक स्थिति में असामान्य वृद्धि अथवा अन्य संदिग्ध तथ्य सामने आते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जाँच आवश्यक है।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** – अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, गृहस्थ सुख अच्छा होगा, बचत भी कर सकेंगे, बोली गई बात पूरी कर पाएंगे, कोई गुस्सा दिला सकता है। भाग्य प्रतिशत-72

**वृषभ** – तार्किक सोच रहेगी, धार्मिक कार्य करते है तो उन्नति होगी, समाज में सम्मान मिलेगा, कोई इच्छा पूरी होने का योग बनेगा। भाग्य प्रतिशत-74

**मिथुन** – अच्छे कार्यों में पैसा खर्च करेंगे, सेवा भाव भी मन में रहेगा, चिकित्सा, मेनेजमेंट, कृषि, अध्यापन क्षेत्र में है तो उन्नति करेंगे, कोई बात मन में है एन्जायटी से बचे। भाग्य प्रतिशत-69

**कर्क** – सब काम आराम से हो जाएंगे, जीवन अच्छा लगेगा, आमदनी बढ़ेगी, नौकरी बदलने से पहले विचार करें, सेहत में सुधार करना होगा। भाग्य प्रतिशत-72

**सिंह** – प्लानिंग को पूरा करने के लिए दम लगाएंगे, मौके मिलेंगे लेकिन काम में तेजी शायद ही आए, गलत कार्य करने पर पकड़े जा सकते है विचार करें। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** – दोस्तों का सर्किल बढ़ेगा, फाइनेंस, ऑटोमोबाइल, टैक्स, मार्केटिंग क्षेत्र में उन्नति मिलेगी, महिला बॉस प्रभावित रहेगी। भाग्य प्रतिशत-69

**तुला** – आमदनी कैसे बढ़े विचार करते रहेंगे, होटल मेनेजमेंट, फूड कार्य, स्वर्ण व्यवसाय में अच्छा लाभ होगा, मन कुछ जानने,पढ़ने की ओर रहेगा। भाग्य प्रतिशत-60

**वृश्चिक** – विवाह की अटकलें दूर होगी, पुस्तक, कपड़ा, मसाले का व्यवसाय लाभ देगा, समझदारी से चलेंगे, राजनीति में मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-56

**धनु** – जरुरत से अधिक खर्च ना करें, राजनीति, सरकारी तंत्र में है तो प्रभाव बढ़ेगा, पत्नी की स्वास्थ्य समस्या पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-68

**मकर** – टैलेंट को मनवाकर ही मानेंगे, आर्थिक लाभ शायद ना हो, किसी काम में सरकारी पेनल्टी ना लगे ध्यान दें। भाग्य प्रतिशत-53

**कुंभ** – परिवार में खुशी प्रसन्नता का माहौल रहेगा, नई नौकरी मिल सकेगी, फैक्ट्री, गोदाम, दुकान है तो उससे लाभ होगा, शिक्षा पर ध्यान दे। भाग्य प्रतिशत-74

**मीन** – स्वास्थ्य में सुधार होगा, कन्या संतति की प्राप्ति सम्भव है, इच्छित विवाह की स्वीकृति मिलेगी, ज्वेलरी लेने की इच्छा होगी। भाग्य प्रतिशत-75



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# देश के भविष्य से प्रधान नहीं हो सकते है, केंद्रीय शिक्षामंत्री



नरेंद्र तिवारी

भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में जवाबदेही का महत्वपूर्ण स्थान हैं। लोक सेवक जनता कि सेवा के लिए होता हैं, उसके नैतृत्व में संबंधित विभाग द्वारा किये गए अच्छे कार्य स्वयं एवं सरकार कि वाहवाही एवं सराहना का कारण बनते हैं। इसके उलट लोक सेवक के नैतृत्व में कि जाने वाली विभागीय गलतियां, त्रुटियां स्वयं एवं सरकार कि आलोचना का कारण बनती हैं। नीट परीक्षा पेपर लिक के बाद से देश में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे कि मांग कि जा रही हैं। नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लिक के बाद उत्पन्न अत्यधिक मानसिक तनाव, हताशा के कारण देश भर में 12 से 16 के करीब छात्रों द्वारा खुदकुशी करने कि खबर सामने आई हैं। प्रजातंत्र में जवाबदेही और सामूहिक उत्तरदायित्व होना चाहिए। कोई इससे बच नहीं सकता हैं। एक स्कुल का प्राचार्य परीक्षा परिणाम बिगड़ने पर उत्तरदायी माना जाता हैं, जबकि प्राचार्य स्कुल का प्रबंधक होता हैं, उस पर शिक्षकीय दायित्व कम ही होता हैं, किंतु संस्था प्रमुख होने के कारण जिम्मेदारी प्राचार्य कि मानी जाती हैं।

इस प्रकार भारत सरकार के शिक्षामंत्री पर भी सामूहिक उत्तरदायित्व एवं जवाबदेही का सिद्धांत लागू होता हैं। इसी जवाबदेही और सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत को पालन करवाए जाने कि मांग को लेकर नवनिर्मित काकरोच जनता पार्टी के बैनर तले पहले तो देश के बड़े शहरों में फिर देश कि राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर 20 जून से प्रदर्शन चल रहा हैं। इन प्रदर्शनों के माध्यम से प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे कि मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने भी इस विषय पर देश भर में आंदोलन चला रखा हैं।केंद्र सरकार इस विषय पर खामोश नजर आ रही हैं। इस प्रकार आंदोलनकारियों कि अनदेखी करना देश कि वर्तमान सरकार कि आदत में शुमार हो गया हैं। सरकार को देश के भविष्य से अधिक महत्वपूर्ण शिक्षा मंत्री का पद पर बने रहना उचित लग रहा हैं। देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल किये जा रहे हैं। सरकार कि और से इसका जवाब कोई देने को तैयार नहीं हैं। 3 मई को आयोजित परीक्षा को पेपर लीक होने के बाद रद्द किया गया। इसके बाद 21 जून को री-नीट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के बाद टीवी चैनल को दिए अपने साक्षात्कार में देश केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने री-नीट के सफल आयोजन को उपलब्धि मानते हुए उन्होंने इसे पारदर्शी और लिक प्रूफ माना। उन्होंने री-नीट के सफल आयोजन के लिए सहयोगी एवं सरकार कि खुले मन से तारीफ कि इसी साक्षात्कार में उन्होंने राहुल गांधी पर देश के छात्रों को गुमराह करने का आरोप और काकरोच जनता पार्टी को उन्होंने देश को




बाटने वाली इ टीम बताते हुए कहा जो देश के टुकड़े करना चाहते हैं वह जंतर-मंतर पर डपली बजा रहे हैं। देश इसकी समीक्षा कर रहा हैं।

देश के शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नीट पेपर लिक के बाद दिए अपने साक्षात्कार में जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताना उचित नहीं हैं। अपने विचार से विपरीत विचार को देश के टुकड़े करने वाला, राष्ट्र विरोधी विचार बताना एक फैशन हो गया हैं। प्रधान ने उसी फैशनेबल भाषा का उपयोग किया। जबकि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहरा रहा हैं। राष्ट्र भक्ति और राष्ट्रीयता से जुड़े गीतों से युवा लबरेज दिखाई दे रहे हैं। जंतर-मंतर पर सबसे अधिक गूंज केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्याग-पत्र को लेकर सुनाई दे रही हैं। वही शिक्षामंत्री जो 21 जून कि री-नीट परीक्षा को सफल मानकर सामूहिक उत्तरदायित्व और जबवाबदेही के साथ सरकार कि पिट थपथपा रहे हैं। उन्हें 3 मई को नीट पेपर लिक सामूहिक उत्तरदायित्व एवं जवाबदेही के सिद्धांत से परे करते दिखाई देता हैं। गड़बड़िया हुई हैं, तो देश शिक्षामंत्री उसके लिए उत्तरदायी भी है। उन्हें पेपर लिक काण्ड के बाद तत्काल अपना अपने पद से त्याग-पत्र देकर देश कि जनता से माफी मागना चाहिए थी। किंतु शायद ऐसा करने का साहस उनमे नहीं है। देश समीक्षा कर रहा है, आपकी सफलता और विफलता कि भी, सामूहिक उत्तरदायित्व और जवाबदेही के सिद्धांतो के पालन में सफलता और विफलता के दौरान अंतर करने के मामले में भी और देश यह भी समीक्षा कर रहा है कि देश के युवा जो शिक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर अपने भविष्य कि चिंता को लेकर झंडा उठा रहे है, उन्हें राष्ट्र विरोधी बताया जा रहा है। प्रजातंत्र में सत्ता पक्ष के खिलाफ उठने वाली हर आवाज राष्ट्र विरोधी नहीं होती, यह आवाजे भी राष्ट्र निर्माण कि आवाजे है। जंतर-मंतर दिल्ली में है। देश कि राजनैतिक पार्टियां भी भारत के प्रजातंत्र कि देन है। यह पार्टियां भी उतनी ही राष्ट्रीय है, जितनी देश कि सता में काबिज दल, इनका सोच भी बेहतर राष्ट्र का निर्माण है। केंद्र सरकार को चाहिए देश के भविष्य से प्रधान नहीं हो सकते देश के केंद्रीय शिक्षामंत्री इन्हे बदला भी जा सकता है। नीट पेपर लिक मामला सामुदायिक उत्तर दायित्व और जवाबदेही का विषय है।

# बिलारी के सजल ने 8 साल से लगातार पदक जीतकर बढ़ाया सेंटर का मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** ओम शांति रिट्रीट सेंटर, दिल्ली में हुए समर किड्स कार्निवल में बिलारी सेंटर के सजल राघव ने प्रथम और अमृतवेला पंक्चुअलिटी में द्वितीय स्थान हासिल किया।
दिल्ली एनसीआर जोन से 535 बच्चों ने भाग लिया। बिलारी से गए 6 बच्चों में 2 ने पदक जीते। सजल पिछले 8 वर्षों से लगातार पदक जीत रहे हैं। विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि बीके अलका दीदी के नेतृत्व में बच्चों ने फिर से बिलारी सेंटर का मान बढ़ाया है। इस आयोजन का मकसद बच्चों का सर्वांगीण विकास और नैतिक मूल्य बढ़ाना है।

# नव नियुक्त पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष को बधाई देने वालों का लगा तांता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त अध्यक्ष नवाब सिंह नागर को बधाई व शुभकामनाएं देने वाले पदाधिकारियों व

- यूपी की दादरी विधान सभा से दो बार विधायक भी रह चुके है
- 44 वर्षों से पार्टी व जनता की सेवा करते आ रहे है

कार्यकताओं का उनके निवास पर प्रतिदिन तांता लग रहा है।
पार्टी हाईकमान द्वारा नवाब सिंह नागर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर संदेश दिया है,कि पार्टी में वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान किया जाता है। आपको बता दें,कि भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त अध्यक्ष नवाब सिंह नागर पिछले 44 वर्षों से लगातार भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं







जनमानस की सेवा करते आ रहे है। वह दादरी विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार भाजपा प्रत्याशी व दो बार विधायक रहे उत्तर,प्रदेश सरकार में सिंचाई राज्य मंत्री,भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,उत्तर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष,दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,सहारनपुर महानगर,जिला भाजपा प्रभारी और दादरी मंडल अध्यक्ष भी रह चुके है।
भाजपा हाईकमान ने नवाब सिंह नागर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर संदेश दिया है,कि पार्टी अब वरिष्ठ कार्यकताओं की अनदेखी नहीं करेगी,बल्कि उनका सम्मान करेगी,अब ऐसे पुराने कार्यकर्ता जिन्हें पार्टी में कार्य करते हुए कई वर्ष बीत चुके है,उनमें भी उम्मीद की किरण जागी है। कि पार्टी उन्हें भी सम्मान देगी। बधाई देने वालों में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग मनोज वाल्मीकि,जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर,जिला अध्यक्ष कविता मादरे,विधायक विजय पाल आढ़ती, संजय त्यागी,अशोक पाल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री मालती भारती, गौरव रुड़कीवाल, मोहन सिंह,श्यामेंद्र त्यागी,कपिल एसएम,राहुल उपाध्याय,डा.नीलम हरेंद्र, सागर प्रजापति,कुणाल चौधरी,ललित मोदी,अमित शर्मा, प्रणव वर्मा आदि शामिल रहे।

# कुन्दरकी में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के सोयम पर निकला मेंहदी/ अलमों का जुलूस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और कर्बला के बहत्तर शहीदों के सोयम (तेजे) के मौके पर रविवार को मेंहदी और अलमों का जुलूस निकाला गया।
जुलूस सुबह ग्यारह बजे नगर के मशहूर नक्कालों वाले इमामबाड़े से या हुसैन, या अब्बास की सदाओं के साथ शुरू हुआ। सदर इमामबाड़े पर फातेहा के बाद जुलूस कर्बला पहुंचा।




जुलूस में अकीदतमंद अलम और मेंहदी लेकर नौहाख़्वानी करते हुए चल रहे थे। कर्बला पर सलाम पेश कर मुल्क की तरक्की की दुआ की गई। जुलूस में मोहर्रम कमेटी के सदर हाफिज शेर अली समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा में मौजूद रहा।

# बुलंदशहर में गंगा एसोसिएट का शुभारंभ, मकान, प्लॉट और विला खरीदना होगा आसान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** रियल एस्टेट क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से गंगा एसोसिएट का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई पहल का स्वागत किया।
गंगा एसोसिएट के संचालक सुधीर गोयल (मोनू भाई) एवं उनके पुत्र शिवांग गोयल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी आवश्यकता और बजट के अनुरूप सुरक्षित, भरोसेमंद एवं पारदर्शी तरीके से मकान, प्लॉट और विला उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को उचित मार्गदर्शन, सरल खरीद प्रक्रिया और बेहतर प्रॉपर्टी विकल्प उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान





दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने गंगा एसोसिएट की इस पहल की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संस्थान बुलंदशहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक विश्वसनीय विकल्प साबित होगा। गंगा एसोसिएट के शुभारंभ के साथ अब बुलंदशहर के लोगों को अपने सपनों का मकान, प्लॉट या विला खरीदने के लिए एक नया, सुरक्षित और भरोसेमंद मंच मिलने की उम्मीद है।

# धौलाना में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण निकला, कमेटी ने शानदार ताजिए सजाए, देखने उमड़े कस्बे लोग, सजग प्रशासन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना।** शुक्रवार जुमे को कस्बा धौलाना में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस

- धौलाना ग्राम प्रधान अतीक प्रधान की रही महत्वपूर्ण सहभागिता
- गुरुवार रात्रि से ही युवा दिखाने लगे थे सड़को पर करतब

बड़े ही धूमधाम और शांति पूर्ण तरीके से निकाला गया। जिसमें अहम भूमिका धौलाना ग्राम प्रधान अतीक भाई अहमद, की रही । वही मोहर्रम कमेटी की ओर से धौलाना के काजीवाड़ा मोहल्ले से तकिया के पास से ताजिया जुलूस का आरंभ किया गया । ताजिया जुलूस बड़ा बाजार और पुराने थाने के पास से होता हुआ पेठ के चबूतरे पर रुक गया । जहां युवाओं ने






जमकर करतब दिखाए । शानदार पटाबाजी की गई । आग के गोले बनाए गए । बिजली लडिया सजाई गई । ताजिया जुलूस में आसपास के गांवों के लोग भी शामिल रहे । जुलूस के दौरान मेहंदी, झूला भी निकाला गया । जुलूस में या अली या हुसैन के नारे भी गूंजते रहे। पूर्व के संघर्ष से सबक लेते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया। जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वही पेठ के चबूतरे पर से वापिस तेली वाले मोहल्ले से होकर बड़ा मोहल्ला से होते हुए जुलूस कर्बला तक पहुंचा । पूरे रास्ते सड़को पर ताजिया कांधे पर लेकर चलने वालो पर लोग पानी डालकर उन्हें पानी से भीगाते रहे। जिससे उन्हें गर्मी में चलने में परेशानी न हो। उसके साथ साथ हर चौराहे के साथ लोग स्टॉल लगाकर लोगों के लिए पानी, शरबत की व्यवस्था कर रखी थी। सभी जहां पर ताजिया के फूलों को कर्बला कब्रिस्तान में दफन किया गया। इस दौरान काफी भीड़ मौजूद रही । जुलूस को शांति पूर्ण सम्पन्न करने में धौलाना एसडीएम मनोज कुमार, सीओ मुनेश कुमार, धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा , एसएसआई राजेन्द्र सिंह, अनिल यादव, मुकेश शर्मा, राहुल पांडेय , विकलेश कुमार, दिनेश झा,मुकेश पटेल सहित भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे । इस मौके पर अखाड़ा अंसारीयान उस्ताद मा खलील अहमद साबरी, सगीर भाई बिजली वाले, बब्बल ठेकेदार, युनुस मल्ला जी, डा एम लईक , आरिफ भाई कस्सार, डा इदरीस मलिक, खलीफा डा आसिफ अली शाह, मौ अली अंसारी, अखाड़ा कुरैशियान उस्ताद आस मौ मंसूरी, खलीफा इकराम कुरैशी, खलीफा राशिद हाशमी, सूफी असलम हावारी, खलीफा इल्यास कुरैशी आदि सहित लोग ताजिया में शामिल रहे।

# मोबाइल लूट का विरोध पड़ा भारी, चाकू से हमला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मोबाइल लूट का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र में तीन बदमाशों ने युवक से मोबाइल लूटने की कोशिश की और विरोध करने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के रजपुरा खुर्द गांव की है। घायल युवक की पहचान अजीत पुत्र जगदीश, निवासी शेरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीन बदमाशों ने अजीत से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया युवक के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तीनों बदमाशों को घेरकर पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपियों की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची सिकंदराबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।



# स्याना क्षेत्र के गांव हाजीपुर में सनकी पति ने धारदार हथियार से गला रेत कर की पत्नी की हत्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** स्याना क्षेत्र के गांव हाजीपुर में एक सनकी पति द्वारा धारदार हथियार से गला रेत कर अपनी पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है, आरोपी पति घर का ताला लगाकर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया, जानकारी के अनुसार आपसी विवाद के चलते पति द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया, गांव हाजीपुर निवासी मोनू से घंसूरपुर निवासी 25 वर्षीय गीता रानी की शादी हुई थी,




सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये गए, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

# खुर्जा में हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से चालक की मौत, कई घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे-34 पर गांव बोरौली कट के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ से सवारियां लेकर बुलंदशहर आ रही एक ईको कार हाईवे किनारे टायर चेक करने के लिए खड़ी थी। इसी दौरान तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रक ने पीछे से कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ईको चालक राजकुमार, निवासी क्रियावली, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया।




हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश के साथ-साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में सादगी के साथ मनाया गया कोषाध्यक्ष किंशुक बंसल का जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय में रविवार को सोसायटी के कोषाध्यक्ष किंशुक



बंसल का जन्मदिन सादगी एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं।
इस अवसर पर राजेश गर्ग एवं गौरव बंसल ने कहा किंशुक बंसल हमारा बचपन का मित्र है। हम बचपन से साथ रहे हैं। किंशुक हमारे लिए केवल मित्र ही नहीं, बल्कि भाई के समान हैं। उनका स्वभाव बेहद सरल, मिलनसार और नेकदिल है। वे हमेशा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे रहते हैं। ईश्वर से उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हैं।
कार्यकारिणी सदस्य रश्मि चौधरी एवं एडवोकेट राज किशोर शर्मा ने कहा कि किंशुक बंसल का व्यवहार सभी के प्रति आत्मीय और सहयोगपूर्ण रहता है। वे हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हैं तथा सोसायटी के विकास और बेहतर माहौल के लिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हैं। अपने जन्मदिन पर किंशुक बंसल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी का स्नेह, सम्मान और शुभकामनाएं मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार हैं। मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद देता हूं और आगे भी सोसायटी एवं समाज के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर रश्मि चौधरी, सेवा भारती के महासचिव राजेश गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राज किशोर शर्मा, रामशरण जग्गा, विशाल विग, गौरव बंसल, मैनेजर राहुल त्यागी, राहुल शर्मा, विजय पंडित सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**लापरवाही** — बरसात में नगर पालिका की लापरवाही जनता पर पड़ेगी भारी


# मुख्य नाले गंदगी से अटे,बरसात में शहर होगा जलमग्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर नगर पालिका परिषद की घोर लापरवाही बरसात में शहर की जनता को भारी पडने वाली है। शहर के

- बरसात शुरू होने में दो दिन का समय शेष
- शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य जारी:आवेश

मुख्य नाले गंदगी से अटे पड़े है। जबकि मौसम विभाग के अनुसार मानसून 30 जून से शुरू होने जा रहा है। शहर में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा कोई योजना भी तैयार नहीं की है। आपको बता दें कि शहरी क्षेत्र में छोटे बड़े 49 नाले हैं। प्रतिवर्ष बरसात शुरू होने से पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नालों की सफाई कराई जाती हैं। छोटे व मझले नालों की सफाई का कार्य जारी है।
लेकिन शहर के मुख्य नाले सिकन्दर गेट,शिवगढ़ी सहित पांच नालों की सफाई नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण शहर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
वहीं मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून 30 जून से 5 जुलाई तक रफ्तार पकड़ लेगा। इस स्थिति में शहर के मुख्य नालों की

सफाई नहीं होने के कारण शहर में जल भराव होना लाजमी है। नगर पालिका परिषद ने जल भराव की समस्या से निपटने के लिए कोई योजना भी तैयार नहीं की है।
जिलाधिकारी कविता मीना ने भी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये थे,कि मानसून शुरू होने से पूर्व शहर के छोटे व मुख्य नालों की सफाई की कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। लेकिन डीएम के आदेशों को नगर पालिका परिषद के अधिकारियों पर होता नहीं दिखाई दे रहा है।
इस सम्बंध में नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने बताया कि शहर के छोटे व मझले नाले की सफाई का कार्य अंतिम चरण में है। शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य जारी है। बरसात शुरू होने से पूर्व नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। मुख्य नालों की सफाई का कार्य ठेके पर कराया जा रहा है।

# रुपये लुटाने को लेकर ताजियेदारों आपस में भिड़े, पुलिस ने की कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** मोहर्रम जुलूस के दौरान रुपये लुटाने को लेकर बिथरी चैनपुर क्षेत्र के पदारथपुर गांव में ताजियेदारों के बीच हुए बवाल के मामले में पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों से मिले फुटेज के आधार पर पुलिस ने अब तक 15 उपद्रवियों को चिन्हित कर लिया है। करीब 12 वीडियो पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनकी मदद से बवाल में शामिल लोगों की पहचान की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, लेकिन अधिकांश आरोपी घर छोड़कर फरार हैं।

शुक्रवार शाम पदारथपुर गांव से मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकल रहा था। इसी दौरान गांव की प्रधानी से जुड़े दो पक्षों के बीच रुपये लुटाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते बहस धक्का-मुक्की में बदल गई और फिर दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। अचानक मचे बवाल से जुलूस में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मारपीट में चार से पांच लोग घायल हो गए। हालात बिगड़ते देख मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप किया और लाठियां फटकारकर उपद्रवियों को खदेड़ा, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की गहन पड़ताल शुरू कर दी।



**सीसीटीवी और मोबाइल वीडियो से खुल रही परतें**

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के साथ-साथ लोगों द्वारा बनाए गए वीडियो भी जुटाए हैं। अब तक मिले करीब 12 वीडियो की जांच में 15 लोगों की पहचान उपद्रवी के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

**तहरीर का इंतजार, समझौते की भी चर्चा**

बिथरी चैनपुर पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर मांगी है, लेकिन घटना के दो दिन बाद भी किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। क्षेत्र में चर्चा है कि समाज के कुछ प्रभावशाली लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश कराई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वीडियो साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**दबिश से गांव में सन्नाटा, घरों से गायब पुरुष**

पुलिस की लगातार दबिश के बाद गांव के अधिकांश पुरुष घर छोड़कर फरार हो गए हैं। कई घरों में ताले लटके हैं, जबकि अधिकांश घरों में केवल महिलाएं और बच्चे ही मौजूद हैं। पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। एसओ बिथरी चैनपुर राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि वीडियो के आधार पर चिन्हित किए गए आरोपियों की तलाश जारी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस स्वयं भी विधिक कार्रवाई करेगी।

# "प्रशासनिक न्यायाधीश ने जिला न्यायालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/सम्भल।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जनपद सम्भल के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने रविवार को जनपद न्यायालय का प्रथम प्रशासनिक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं और आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।





निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति सिंह ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और न्यायिक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर न्यायिक कार्यों की प्रगति, समयबद्ध निस्तारण और न्यायिक प्रशासन से जुड़े विषयों की समीक्षा की। उन्होंने अधिवक्ताओं के सुझाव भी सुने और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) का निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर प्रदीप कुमार (पीठासीन अधिकारी, एमएसीटी), मछला अग्रवाल (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), आरती फौजदार (एडीजे), गोपालजी (एडीजे), रागिनी सिंह (विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट), अवधेश कुमार सिंह (एडीजे/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट), दीपक कुमार जायसवाल (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), नावेद अख्तर (एसीजेएम), आदित्य सिंह (एसीजेएम), पराग यादव (एसीजेएम), दिव्या गर्ग एवं दिव्या चिंडालिया (सिविल जज, जूनियर डिवीजन) सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारियों के संगठन की नई कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** चन्दौसी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को अध्यक्ष पायल मल्होत्रा के आवास पर आयोजित किया गया। समारोह में पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ ली।इस दौरान अध्यक्ष पायल मल्होत्रा, सचिव राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मल्होत्रा, संगठन मंत्री रतन कुमार वार्ष्णेय, संरक्षक तिलक राज मल्होत्रा, सतीश चंद्र अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, अंकुर अग्रवाल, सुनील वार्ष्णेय एवं कपिल अरोड़ा, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, पूजा आहूजा, अनुराग शर्मा व प्रशांत वार्ष्णेय, मीडिया समन्वयक नीरज शर्मा व अनुज वार्ष्णेय (अन्नू), संयुक्त सचिव संजय साहनी, दीपक शर्मा, राहुल वैद व चंदन खन्ना तथा कार्यकारिणी सदस्य ऋषि वर्मा, लकी सिंह, गौरव भारद्वाज, इरशाद, संभव जैन और वैभव अग्रवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।



नवनियुक्त अध्यक्ष पायल मल्होत्रा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य क्षेत्र के दवा व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर उनके हितों की रक्षा करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दवा व्यापारी एवं व्यापार जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी और मंडी समिति पर,अनाज के वाहनों की लम्बी कतार, परेशान किसान

बुलन्द संदेश संवाददाता

**बहजोई ( मौहम्मद वामिक)।** संभल में मुहर्रम के पर्व के चलते मंडी की छुट्टी ने बढ़ाई किसानों की मुश्किलें अगले दिन किसान अपने वाहनों से जब मक्का लेकर पहुंचे तब वहां का नजारा देख कर हैरान रह गये।



मक्के से लदे ट्रेक्टरों की इतनी लम्बी कतार लगी हुई थी की बाद में आने वाले किसान का नम्बर शायद शाम को ही आया होगा,इतनी भीषण गर्मी में ट्राली के ऊपर अनाज पर बैठे किसान पर क्या बीत रही होगी न पानी न खाना सिर्फ आपने माल तुलाने के इंतजार में भीषण गर्मी में ईश्वर से यही प्रार्थना करता नजर आ रहा था कि शीघ्र मेरा कार्य पूर्ण हो और में अपने घर को रवाना हूं।

# ध्वनि प्रदूषण को लेकर चलाए गए अभियान में 320 लाउड स्पीकर उतरवाए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार चलाए गए विशेष लाउडस्पीकर चेकिंग अभियान में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चार अप्रैल से 27 जून तक सुबह पांच से सात बजे तक चले अभियान में जिलेभर में 8,220 स्थानों पर लाउडस्पीकरों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर 324 लाउडस्पीकर उतरवाए गए, जबकि 1,642 लाउडस्पीकरों की आवाज निर्धारित मानक के अनुरूप कम कराई गई। अभियान के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग की। पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी देते हुए भविष्य में निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए।



सबसे ज्यादा जांच बारादरी में, पूरे अभियान के दौरान बारादरी थाना क्षेत्र में सर्वाधिक 911 स्थानों पर लाउडस्पीकरों की जांच की गई। इसके बाद इज्जतनगर में 506 और शेरगढ़ में 258 स्थानों पर चेकिंग की गई।

**सबसे ज्यादा लाउडस्पीकर शेरगढ़ में उतरवाए गए**

कार्रवाई के मामले में शेरगढ़ थाना सबसे आगे रहा, जहां 118 लाउडस्पीकर उतरवाए गए। इसके बाद फरीदपुर में 24, फतेहगंज पूर्वी में 23 और किला क्षेत्र में 10 लाउडस्पीकर हटवाए गए।

**आवाज कम कराने में भी बारादरी अव्वल**

ध्वनि मानकों का उल्लंघन करने वाले बारादरी थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 127 लाउडस्पीकरों की आवाज कम कराई गई। इसके बाद भोजीपुरा में 274, किला में 164 और शेरगढ़ में 150 मामलों में मानकों के अनुरूप ध्वनि स्तर सुनिश्चित कराया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन करने की अपील भी की।

# वनखंडी नाथ मंदिर अतरछेडी के जीर्णोद्धार हेतु सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**आंवला, बरेली।** हिन्दू आस्था के प्रतीक उपेक्षित वनखंडी नाथ मंदिर अतरछेडी के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार की मांग को लेकर आज भाजपा शिविर कार्यालय आंवला में सैकड़ों क्षेत्रीय जनता एवं ग्राम प्रधानों ने वरिष्ठ समाजसेवी जय गोविन्द सिंह व मोहन सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।



यह ज्ञापन पशुधन मंत्री माननीय श्री धर्मपाल सिंह के माध्यम से माननीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह को सम्बोधित तथा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्रीय आस्था के प्रतीक वनखंडी नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, संत निवास तथा यात्री निवास का निर्माण पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के माध्यम से जनहित में शीघ्र कराया जाए।

इस अवसर पर माननीय पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आश्वस्त किया कि उक्त संबंध में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

ज्ञापन देने वालों में अतरछेडी, सादुल्ला गंज, मलगांवा, निसोई, ढकौरा के ग्राम प्रधानों के साथ-साथ हरूनगला, नैनपुर, रम नगला, समांधीपुर, मेहंदी नगला, बिलौरी, चंजरी, बाल किशनपुर, गिधौली, चमन गौंटिया, ढकौरा, डरूआपुर आदि गांवों की सैकड़ों क्षेत्रीय जनता ने हस्ताक्षर कर धार्मिक आस्था के प्रतीक वनखंडी नाथ मंदिर के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार की मांग की है।

# ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाई दमदार प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जिला ओलंपिक एसोसिएशन



सम्भल के तत्वावधान में अंकुश ताइक्वांडो अकादमी में कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा दी और पैर से तख्ते व पत्थर तोड़कर अपनी तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। मुरादाबाद से आए तकी इमाम तथा चन्दौसी के अजय बाबू ने परीक्षक की भूमिका निभाई। वरिष्ठ खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों को तकनीकी सुझाव दिए। अकादमी के कोच अंकुश राणा ने कहा कि चन्दौसी के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं और सफलता के लिए निरंतर मेहनत व अनुशासन आवश्यक है।

# पानी अनमोल नहीं, उसको भी ओवर रेट में बेचा जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** एक जमाना यह था की लोग पानी के

> आओ बैठो पियो पानी,इसका कोई मोल न लानी,यह एक कहावत होती थी बुजुर्गों की अव तो पानी भी ओवर रेट बेचा जा रहा है।

गांव- गांव कुआं खुदबाते थे जगह -जगह नल लगवाते थे और अव प्रथा बन गई की पानी और शरबत लोग राहत पहुंचाने के लिए वितरण कर रहे है मगर कुछ लोभी आज






भी अपने स्वार्थ के लिए किसी भी हद को पार कर सकते हैं।

पूरा मामला बहजोई के बस स्टैंड का है जहा मूल्य से अधिक रेट पर पानी बेचा जा रहा है जब इस संबंध में दुकान दार से बात की तव उसने बताया कि कैम्पा की एजेंसी बाला बिकवा रहा है। पानी की बोतल पर साफ अक्षरों में लिखा है की इसका मूल्य 15 रुपये है और बेचा जा रहा है 20रुपये में। अव अधिकारी कहां सोये हुए है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई क्यों नही कर रहे।

**कौन है इसका जिम्मेदार, कौन देगा इसका जवाब**

कैम्पा की एजेंसी बाला है जिम्मेदार वही ओवर रेट में पानी बिकवा रहा है सूत्रो की माने तो बहजोई निवासी ही एजेंसी का संचालन कर रहा है और उसके ही इसारे पर यह खेल हो रहा है आखिर संबंधित अधिकारियों को इस मामले की भनक आज तक क्यों नहीं लगी। क्या जनपद की जनता ऐसे ही लुटती रहेगी ऐसे लोगों पर क्यों नहीं हो रही कार्रवाई पूछती है संभल की आवाम। इस मामले की वीडियो हो रही है वायरल परन्तु विभाग नही जागेगा।

# झमाझम बारिश से मिली राहत, मौसम हुआ सुहाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। करीब सुबह छह बजे तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश लगभग साढ़े छह बजे तक जारी रही। करीब आधे घंटे की तेज बारिश से लोगों को कई दिनों से पड़ रही उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश के दौरान तेज हवाएं चलने से मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

बारिश के चलते बाजारों और सड़कों पर कुछ देर के लिए आवाजाही प्रभावित रही।

कई लोग दुकानों और छज्जों के नीचे बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। हालांकि तेज बारिश के कारण नगर के कुछ निचले स्थानों और जल निकासी की समस्या वाले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकांश क्षेत्रों में बारिश का पानी कुछ समय बाद निकल गया।

बारिश थमने के बाद मौसम ने फिर करवट ली और कुछ ही घंटों में बादल छंट गए। तेज धूप निकल आने से उमस दोबारा बढ़ने लगी, हालांकि बारिश के कारण तापमान में आई गिरावट से लोगों को पहले की तुलना में राहत महसूस हुई।

किसानों ने इस बारिश को खरीफ की फसलों के लिए लाभदायक बताया। उनका कहना है कि समय पर हुई वर्षा से धान सहित अन्य फसलों को फायदा मिलेगा। वहीं नागरिकों ने कहा कि बरसात से राहत तो मिली, लेकिन जिन स्थानों पर हर वर्ष जलभराव होता है, वहां जल निकासी व्यवस्था को और बेहतर बनाए जाने की जरूरत है।

**मीडिया रूबरू** मंदिरों के दान खजाने को लूटा है और महमूद गजनबी ने भी भारत के मंदिरों को लूटा था

# राम मंदिर में चोरी करने वाले और महमूद गजनवी दोनों एक समान : अल्वी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व सांसद राशिद अल्वी जी ने कहा राम मंदिर में चोरी करने वाले और महमूद गजनवी दोनों एक समान है क्योंकि इन लोगों ने भी राम मंदिर में चोरी की है मंदिरों के दान खजाने को लूटा है और महमूद गजनबी ने भी भारत के मंदिरों को लूटा था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. मैराज हुसैन के बाई पास स्थित आवास पर मीडिया से रुबरु होते पूर्व संसद ने कहा कि मोदी सरकार ने देश के छात्रों का भविष्य अंधकार में कर दिया है, लगातार पेपर लीक हो रहे हैं परीक्षाएं रद्द हो रही हैं नौजवान बेरोजगार है, देश में बेरोजगार नौजवान पेपर लीक से तंग आकर आत्महत्या कर रहे हैं, जिसकी जिम्मेदारी मोदी सरकार की है परन्तु प्रधान मंत्री में साहस नहीं कि वह शिक्षा मंत्री को पद से हटा सकें ? एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राहुल गांधी देश में युवाओं के छात्रों के नौजवानों के हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात करते हैं पर यह मन की बात करना उन्होंने कहां से सीखा है? यह देश जानना चाहता है। उन्हों ने बताया की तात्कालीन पाकिस्तान का रष्ट्रपति अय्यूब खान मन की बात करता था यह उसी के पद चिन्हों पर चलकर देश की जनता को मीठी मीठी बातों में उलझाय रखना चाहते हैं।उन्हों ने यह भी कहा कि अमरीका का राष्ट्रपति बार-बार भारत के प्रधान मंत्री और भारत की जनता को सार्वजनिक मंच से अपमानित कर रह है और उनके राजनैतिक जीवन को क्षण भर में समाप्त करने की धमकी दे रहा है परन्तु प्रधान मंत्री मूक दर्शक बने बैठे हैं। उत्तर प्रदेश में क्राइम और भ्रष्टाचार और महंगाई का बोलबाला है देश भर में होने वाले अपराध का 12 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में एफ आई आर के रूप में दर्ज हो रहा है जबकि अधिकाँश अपराध दर्ज ही नहीं किय जा रहे हैं ,चारों तरफ लोग महंगाई भ्रष्टाचार से त्रस्त हैं प्रदेश में लूट डकैती मर्डर जैसी घटनाएं हो रही है उन्हों ने मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नफरत और बुलडोजर के सिवा कुछ भी दिखाई नहीं देता,उनकी भाषा से नफरत और द्वेष झलकता है जो किसी भी राजनेता के लक्षण नहीं हैं ।




पूर्व मंत्री खालिद मसूद साहब ने कहा आज देश में मोदी और योगी की सरकारों की पहचान पेपर लीक की बन गई है लगातार पेपर लीक हो रहे हैं देश का युवा बेरोजगार है हाथ में डिग्री लेकर रोजगार के लिए भटक रहा है नीट का पेपर लीक हुआ देश के बहुत सारे युवाओं ने आत्महत्या कर ली की जिम्मेदार भाजपा की सरकार है।विगत बारह वर्षों ने असंख्य पेपर लीक हो गए जिस के कारण देश के युवा वर्ग का इस सरकार से मोह भांग हो गया है। पूर्व प्रदेश महासचिव अखिल भारतीथ कांग्रेस के सदस्य सचिन चौधरी ने कहा कि भगवान श्री राम के मंदिर में चोरी करना बड़ा अधर्म है बड़ा पाप है सरकार के संरक्षण में जिन लोगों ने अपराध किया है अधर्म किया है वह लोग बच नहीं पाएंगे अगर सरकार उनको सजा नहीं देगी तो ईश्वर की अदालत से वो बच नहीं पाएंगे नरक में जाएंगे ।

# अधिकतम खुदरा मूल्य मुख्य मुद्दा,केंद्र कानून बनाए: जयंत कथेरिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शहर के आलम सराय स्थित रिसॉर्ट में रविवार को आयोजित पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय सचिव जयंत कथेरिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का मुख्य मुद्दा वस्तुओं पर प्रिंट एमआरपी है। वस्तुओं पर उत्पादन मूल्य भी वस्तुओं पर प्रिंट होना चाहिए। संभल में रेलवे लाइन के विस्तार के लिए जिला इकाई के साथ रेल मंत्री से मिला जाएगा मेरठ प्रांत के अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने प्रवास के प्रकार उसके महत्व से अवगत कराया तथा प्रवास की योजना कैसे बनानी चाहिए उन्होंने डिजिटल प्रवास के महत्व को बताया ' ब्रज प्रांत के अध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रवाल ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता को शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु प्रेरित करना है ' पूर्व संगठन मंत्री भूपेश त्यागी ने संगठन में कार्यकर्ता,कोष,कार्यालय, आदि के महत्व को बताया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रांत अध्यक्ष विनोद नौटियाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह,प्रांत संगठन मंत्री नरेंद्र शर्मा,विधि आयाम प्रमुख विनीत भटनागर, प्रांत सचिव ब्रज इंद्रभूषण कुलश्रेष्ठ, प्रांत सचिव पीतांबर शर्मा,नवीन त्यागी, जिलाध्यक्ष देवेंद्र वार्ष्णेय, जगत आर्य आदि उपस्थित रहे।



# सीसीटीवी की निगरानी में होगी फार्मासिस्ट मुख्य परीक्षा, 30 मिनट पहले बंद होगा मुख्य द्वार

**मेरठ (आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ की ओर से सोमवार को सुबह आयोजित फार्मासिस्ट मुख्य परीक्षा वर्ष-2026 सोमवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में वस्तुनिष्ठ सौ सवाल हल करने के लिए आएंगे। परीक्षा का माध्यम पेन और पेपर ओएमआर आधारित होगा। बायोमैट्रिक डाटा कैप्चरिंग व उपस्थिति पत्रक भरने के लिए अभ्यर्थियों को पांच मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा।
परीक्षा के लिए शहर में 14 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 6,768 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में सुबह 10 से लेकर दोपहर 12 बजे तक होगी। एडीएम सिटी बृजेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को हुई बैठक में परीक्षा की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। परीक्षा कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच होगी। किसी भी अभ्यर्थी एवं परीक्षा केंद्र पर तैनात कक्ष निरीक्षक एवं सपोर्ट स्टाफ के पास कोई मोबाइल फोन, कोई इलेक्ट्रानिक गैजेट या कोई ऐसा इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं होगा, जिससे परीक्षा की शुचिता भंग होती हो। इसके लिए महिला कर्मचारियों द्वारा महिला अभ्यर्थियों एवं पुरुष कर्मचारियों द्वारा पुरुष अभ्यर्थियों की सघन तलाशी की जाएगी।
परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक कक्ष में 24 अभ्यर्थियों पर दो कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले यानी सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। यह प्रवेश 9:30 बजे तक होगा। परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक अभ्यर्थी डाउनलोड प्रवेश पत्र के साथ आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड की मूल प्रति लाना आवश्यक होगा। पहचान पत्र के साथ अभ्यर्थी अपने नवीनतम पासपोर्ट साइज की दो फोटो भी लाएंगे, जिनके पीछे अभ्यर्थी का नाम, अनुक्रमांक और परीक्षा की तिथि लिखी होगी।

# ईंटों से भरे ट्रक से टकराई कार, मेरठ के दंपती और उनकी बेटी की मौत, भांजा गंभीर

**मेरठ (आरएनएस )।** कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर शनिवार शाम हादसे में दंपती और उनकी बेटी की मौत हो गई, जबकि महिला का भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना पिपली टोल प्लाजा के निकट उस समय हुई जब उनकी स्विफ्ट डिजायर कार सड़क पर ईंटों से भरे ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।
मेरठ के वेदव्यास पुरी के गणपति एन्क्लेव निवासी कारोबारी पवन कुमार गर्ग (65), उनकी पत्नी शकुंतला (62), बेटी अंजू बंसल (43) और भांजा शिवम शनिवार शाम साढ़े चार बजे स्विफ्ट डिजायर कार में मेरठ से कैथल जिले के गांव कलायत जा रहे थे। शकुंतला का मायका कलायत में है। इन दिनों उनकी बेटी अंजू भी अपने मायके मेरठ आई हुई थीं। अंजू दिल्ली के जीटीबी एन्क्लेव स्थित जनता फ्लैट्स, नंदनगरी क्षेत्र में रहती थीं। बताया जा रहा है कि शाम साढ़े चार बजे परिवार ने पिपली टोल प्लाजा पार किया था।



इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर कार तीसरी लेन में ईंटों से भरे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। उस समय तीन लोग बेसुध अवस्था में थे, जबकि शिवम को होश था मगर वह गंभीर रूप से घायल था।

**अस्पताल पहुंचने से पहले दंपती और बेटी ने तोड़ा दम**

सभी घायलों को खरखौदा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सक ने पवन कुमार गर्ग, उनकी पत्नी शकुंतला और बेटी अंजू को मृत घोषित कर दिया।
वहीं, गंभीर रूप से घायल यमुनानगर निवासी शिवम को प्राथमिक उपचार देने के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। हालांकि, परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल लेकर गए हैं। एक साथ परिवार के तीन सदस्यों की मौत की खबर मिलते ही मेरठ और दिल्ली में रहने वाले परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

**ये बोले अधिकारी**

केएमपी एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि एक युवक घायल है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
-जोगिंद्र शर्मा, एसीपी, खरखौदा

# 24वें श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य समापन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** महेन्द्रपुरी सी-लाइन स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित 24वाँ श्री श्याम विशाल संकीर्तन महोत्सव तथा षष्टदशम मंदिर वार्षिकोत्सव का श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ समापन हुआ। तीन दिवसीय श्री श्याम घणी मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर खाटू श्याम बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विशाल संकीर्तन में आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायकों ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम में भव्य श्याम दरबार, फूल बंगला, अखंड ज्योति, श्याम बाजार, श्याम रसोई एवं छप्पन भोग



विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समापन अवसर पर प्रातःकालीन मंगल आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान व्यवस्था, अनुशासन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का समिति के वॉलिंटियरों द्वारा विशेष ध्यान रखा गया। अंत में श्री श्याम मित्र मंडल के सभी पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर ओमप्रकाश जाधव, घनश्याम सिरोही, देवेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा, अनीश शर्मा, राजीव रुहेला, संजय रुहेला, गोपाल यादव, देवेन्द्र कुमार, जतिन कुमार, पवन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जयकारों के साथ मेरठ से श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा पर जत्था रवाना

**मेरठ (आरएनएस )।** पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रविवार को मोदीपुरम से 43 श्रद्धालुओं का जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। पल्लवपुरम रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ कराया और श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।
करीब 10 दिन की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु बाबा बफार्नी के पवित्र हिमलिंग के दर्शन करेंगे। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।
परिजनों और स्थानीय लोगों ने यात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और




शुभकामनाओं के साथ विदा किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अमरनाथ यात्रा आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। सभी श्रद्धालुओं के सकुशल दर्शन कर लौटने की कामना की गई।
कार्यक्रम में पल्लवपुरम रुड़की रोड व्यापार संघ के संरक्षक पूर्ण चंद सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी, मंत्री नवीन कंसल, उपाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र पंवार, मंत्री संजय चौहान, कपिल सैनी, सतवीर सिंह, मीडिया प्रभारी फुरकान सैफी, राहुल मोतला, सचिन पाल समेत अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 60-70 साल पुराने पेड़ों पर चली आरी तो भड़के व्यापारी! मेरठ के छीपी टैंक में हंगामा

**मेरठ (आरएनएस )।** शहर के छीपी टैंक क्षेत्र में उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब आर जी डिग्री कॉलेज के सामने वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ों को काटने का काम शुरू कर दिया गया। पेड़ कटते देख स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर इसका कड़ा विरोध किया। व्यापारियों का आरोप है कि पेड़ काट रहे लोगों से जब पूछा गया कि आखिर किसके आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है तो उन्होंने जिलाधिकारी के आदेश का हवाला दिया, लेकिन जब उनसे आदेश की लिखित प्रति दिखाने को कहा गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पेड़ काटने वाले अपना सामान मौके पर छोड़कर वहां से चले गए।



पेड़ कटने के कारण सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे क्षेत्र में लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को संभालने के लिए व्यापारियों ने स्वयं आगे बढ़कर सड़क पर पड़े पेड़ों के बड़े-बड़े टुकड़ों को किनारे कराया, जिसके बाद धीरे-धीरे वाहनों का आवागमन सामान्य हो सका।
व्यापारियों का कहना है कि यदि प्रशासन की ओर से वास्तव में पेड़ काटने का कोई आदेश जारी किया गया है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए।
उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुए बिना पारदर्शिता के इस कार्रवाई को अंजाम देने का प्रयास किया, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।
घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। व्यापारी प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, पेड़ काटने की अनुमति से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक करने और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकानों के संचालन पर रोक की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं के अनुरूप संपन्न कराने की मांग को लेकर अपराध मुक्त सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के जिलाध्यक्ष पंकज कंसल ने किया।
ज्ञापन में कहा गया कि सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा हिंदू समाज की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हैं। समिति ने प्रशासन से मांग की कि कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्गों पर संचालित मीट एवं मांस विक्रय की दुकानों को यात्रा अवधि के दौरान बंद कराया जाए। ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके और किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा ज्ञापन में यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, नियमित निगरानी बढ़ाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाने की मांग भी की गई।



प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि पूर्व तैयारी और प्रभावी प्रबंधन से यात्रा को अधिक व्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण बनाया जा सकता है। जिसके बाद उप जिलाधिकारी अजीत सिंह ने संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।
इस अवसर पर पंकज कंसल के साथ नीरज शर्मा, प्रदीप, तरुण, अभिनव, वंश सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आयोजन
## मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# ग्रेटर नोएडा में "Young Achievers Excellence Award शिक्षा से सेवा तक 2026" का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** GNIOT Group of Institutions, Greater Noida एवं Dhruv Classes के संयुक्त तत्वावधान में "Young Achievers Excellence Award – शिक्षा से सेवा तक 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं, IIT-JEE, NDA तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें शिक्षा के साथ समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित करना था।
समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र (Certificate of Excellence) प्रदान कर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।
मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) श्री चंद्रशेखर जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त आधार है।
पूर्व प्रवक्ता भाजपा किसान मोर्चा श्री रजनीश राय ने विद्यार्थियों से माता-पिता के प्रति समर्पण, सम्मान और कृतज्ञता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि वही है, जो अपने संस्कारों और परिवार के सम्मान के साथ प्राप्त की जाए।
शिक्षाविद एवं बाल अधिकारों के संरक्षक श्री अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अधिक अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनना है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों को अंकों की होड़ से ऊपर उठाकर उनकी सृजनात्मकता, नवाचार और मानवीय मूल्यों के विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया। योग गुरु श्री संतोष ने विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मस्तिष्क को भी एकाग्र, संतुलित और सशक्त बनाता है। स्वस्थ शरीर





और स्वस्थ मन ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।
पदार्फाश न्यूज के संपादक श्री विकास त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से पुस्तकों को अपना सबसे अच्छा मित्र बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नियमित पुस्तक अध्ययन से ज्ञान, व्यक्तित्व और विचारों का विस्तार होता है तथा जीवन की दिशा स्पष्ट होती है।
प्रो. प्रवीण पचौरी ने विद्यार्थियों को रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने की सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से नए स्टार्टअप प्रारंभ कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।
कौशल्या वर्ल्ड स्कूल की अध्यक्षा श्रीमती कुशल सिंह ने विद्यार्थियों को एक शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भारत के निमार्ता हैं।
आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता श्री मनोज त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र और मानसिक दृढ़ता से प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती विकसित करने की प्रेरणा दी।
पूर्व श्रमायुक्त एवं लेबर जज श्री बृजेश राय ने अपने



संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वेदों एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से भी जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा पद्धति को और अधिक सुदृढ़, संस्कारयुक्त तथा व्यवहारिक बनाने की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थी केवल सफल पेशेवर ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार एवं नैतिक नागरिक भी बन सकें।
Dhruv Classes के संस्थापक श्री पवन राय ने कहा कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से आवश्यक सहयोग प्रदान करने के अपने संकल्प पर निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने "शिक्षा से सेवा" की भावना को समाज तक पहुँचाने का आह्वान किया।
इस अवसर पर पूर्व श्रमायुक्त एवं लेबर जज श्री बृजेश राय, समाजसेविका श्रीमती सूर्यकला लक्ष्मी, जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह, Helmet Man of India श्री राघवेंद्र, जीएनआईओटी समूह के आउटरीच हेड पंकज कुमार सहित अनेक शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें ज्ञान, संस्कार, अनुशासन, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम के अंत में आयोजकगण ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने और "शिक्षा से सेवा" के उद्देश्य को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

# लाखों की चोरी का कुछ ही दिनों में पदार्फाश

**मेरठ (आरएनएस )।** शास्त्रीनगर में हुई लाखों की चोरी का थाना नौचंदी पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में पदार्फाश कर दिया है! राजकुमार राज खुराना के बंद मकान को निशाना बनाने वाले शातिर चोर नजाकत और सलीम अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से लाखों के सोने-हीरे के आभूषण और 2 लाख रुपये कैश बरामद किए हैं।

# शादी का झांसा देकर 10 साल तक दलित युवती का शोषण, मेडिकल के डॉक्टर पर आरोप

**मेरठ(आरएनएस )।** मेडिकल क्षेत्र की रहने वाली अनुसूचित जाति की युवती ने पूर्व में मेडिकल में तैनात रहे एक डॉक्टर पर शादी का झांसा देकर 10 साल तक अपने शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि मेडिकल थाने में तैनात आरोपी के एक रिश्तेदार दरोगा के दबाव में थाना पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। शनिवार को मेडिकल क्षेत्र की रहने वाली अनुसूचित जाति की एक युवती एडीजी ऑफिस पहुंची। युवती ने बताया कि वर्ष 2016 में पेट में इंफेक्शन के चलते वह मेडिकल में इलाज कराने गई थी। जहां उसकी मुलाकात मूल रूप से मुजफ्फरनगर निवासी एमबीबीएस थर्ड ईयर के इंटर्न डॉक्टर से हुई।
युवती का आरोप है कि डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद दोनों मेडिकल क्षेत्र में किराए के कमरे में लिव इन रिलेशन में रहने लगे। इस बीच युवती चार बार गर्भवती हुई। लेकिन, हर बार उसके प्रेमी ने जबरदस्ती युवती का एबॉर्शन करा दिया। पीड़िता के मुताबिक वर्तमान समय में आरोपी प्रेमी गाजियाबाद के एक अस्पताल में तैनात है और शादी के वादे से मुकर गया है। मेडिकल थाने में शिकायत की गई। जहां थाने में तैनात आरोपी के रिश्तेदार दरोगा ने उसकी कोई सुनवाई नहीं होने दी। पीड़िता ने एडीजी ऑफिस में मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# जुलाई से ग्राम सचिवालयों में बैठेंगे लेखपाल, राजस्व परिषद ने सभी जिलाधिकारियों को जारी किए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में ग्रामीणों को राजस्व संबंधी सेवाएं अब और अधिक सुगमता से मिल सकेंगी। राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 1 जुलाई 2026 से ग्राम सचिवालयों में लेखपालों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
25 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक जनपद में लेखपालों के बैठने का रोस्टर तैयार किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को जाति, आय, निवास, खतौनी की नकल, भूमि संबंधी सत्यापन तथा अन्य राजस्व सेवाओं के लिए तहसील के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।
राजस्व परिषद ने निर्देश दिए हैं कि ग्राम सचिवालय में लेखपालों की उपस्थिति से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, भूमि विवादों के निस्तारण, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही पंचायत स्तर पर राजस्व विभाग और अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।
आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी जनपद में इस व्यवस्था को लागू करने में कोई समस्या हो तो उसकी सूचना 30 जून 2026 तक राजस्व परिषद को उपलब्ध कराई जाए। अन्यथा यह माना जाएगा कि संबंधित जनपद में 1 जुलाई 2026 से व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है।

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं प्रशासनिक न्यायाधीश रविवार को संभल के चन्दौसी स्थित जनपद न्यायालय पहुंचे। जनपद आगमन पर जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह ने उनका स्वागत किया। न्यायमूर्ति ने जनपद न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर न्यायालयों की व्यवस्थाओं एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के उपरांत न्यायमूर्ति ने जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्यों एवं न्यायालय परिसर से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। जिन्हें न्यायमूर्ति ने गंभीरतापूर्वक सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात न्यायमूर्ति ने जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर न्यायिक कार्यों की प्रगति, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध न्यायिक निस्तारण तथा न्यायिक प्रशासन से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया। भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एम.ए.सी.टी.) का भी निरीक्षण किया और अभिलेखों एवं न्यायिक कार्यों का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान चन्दौसी बार एसोसिएशन के लोकेंद्र शर्मा, सगीर सैफी, राजबहादुर, विपिन कुमार सिंह , कृष्णानंद शर्मा, बंटू, अनुराग सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आज" मुरादाबाद को देंगे 365 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की सौगात" गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का करेंगे निरीक्षण, जनसभा को करेंगे संबोधित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मुरादाबाद को 365.50 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 13.15 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और 229.35 करोड़ का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री बुद्धि विहार के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही निमार्णाधीन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का निरीक्षण भी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 जून को दोपहर एक बजे मुरादाबाद पहुंचेंगे। अभी उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है लेकिन जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक तय प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए बुद्धि विहार के मैदान में पंडाल तैयार किया जा रहा है। पंडाल को वाटर प्रूफ बनाया जा रहा है। सभा स्थल की आसपास की सड़कों को भी दुरुस्त कराया गया है। सीएम योगी जनसभा के अलावा हरदासपुर में निमार्णाधीन गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय भी जाएंगे।विश्वविद्यालय का निरीक्षण करेंगे। सीएम के निरीक्षण के लिए तीन ब्लॉक को तैयार किया जा रहा है। यहां भी तैयारी अंतिम चरण में है। अपने दौरे पर सीएम जिले की 365.50 करोड़ की 63 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। इसमें नगर विधानसभा क्षेत्र की 237.88 करोड़, कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र की 105.74 करोड़ और मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र की 21.88 करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुद्धि विहार में बनकर तैयार वॉर मेमोरियल देखेंगे। वह श्रीराम वाटिका भी जाएंगे। सीएम वॉर मेमोरियल, श्रीराम वाटिका के साथ सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करेंगे।बुद्धि विहार फेज-दो में वॉर मेमोरियल का निर्माण कराया गया है। इसका उद्घाटन होना बाकी है। ऐसे ही यहीं श्रीराम वाटिका भी बनी है। इसके अलावा नगर निगम की ओर से बुजुर्गों की देखभाल के लिए सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर भी बनाया गया है।। अभी तक कार्यक्रम के मुताबिक सीएम योगी वॉर मेमोरियल देखने भी जाएंगे। श्रीराम वाटिका को भी देखेंगे। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सीएम के दौरे को लेकर तैयारी चल रही है। सीएम वॉर मेमोरियल और श्रीराम वाटिका देखेंगे।

## गन्ना किसान परिवारों को मिलेगी सामाजिक सुरक्षाः छोटी गन्ना समितियों में तीन दिवसीय तथा बड़ी गन्ना समितियों में पांच दिवसीय किसान गोष्ठी होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेश चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग अब प्रदेश के गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा देने वाली योजनाओं से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में जुलाई के दूसरे सप्ताह में विशेष जागरूकता एवं नामांकन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जिलों में 30 जून से पहले ही जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न संबंधित विभागों, चीनी मिलों की समन्वय बैठक की जाएगी।गोष्ठियों की तिथियां तय होंगी। छोटी गन्ना समितियों में तीन दिवसीय तथा




बड़ी गन्ना सिमि समितियों में पांच दिवसीय किसान गोष्ठियां की जाएंगी।इनमें किसानों एवं उनके परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्रों का मौके पर ही नामांकन भी किया जाएगा। गोष्ठी स्थलों पर बैंक, इफको, चीनी मिल एवं गन्ना समितियों द्वारा संयुक्त रूप से सहायता एवं नामांकन काउंटर लगाए जाएंगे। प्रत्येक गन्ना समिति, परिषद, जिला एवं परिक्षेत्र का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# नगर के डीएसएम डिग्री कॉलेज की काटी बिजली, कार्यवाहक प्राचार्य ने डीएम से की एसडीओ की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर के डीएसएम डिग्री कालेज की बिजली काटने का मामला एक बार फिर सामने आया है। कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. सोमपाल सिंह ने कालेज की बिजली सुचारु कराने के लिए जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया को पत्र लिखा है। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ सचिन रस्तोगी पर पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बार-बार महाविद्यालय की बिजली काटने सहित कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि, दो माह का बिजली के बिल का 16 हजार रुपये भुगतान करने के बाद भी महाविद्यालय का कनेक्शन नहीं जोड़ा जा रहा है। उन्होंने मामले कालेज की बिजली सुचारु करने की गुहार लगाई है।डा. सोमपाल सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि डीएसएम डिग्री कालेज 1960 से स्थापित राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय है। उनका आरोप है कि, विद्युत विभाग के एसडीओ द्वारा पूर्वाग्रह के चलते बार-बार महाविद्यालय की बिजली काटी जा रही है। उन्होंने बताया कि जून 2025 में विद्युत विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर से हाईटेंशन लाइन ले जाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसका छात्रहित और संस्था हित में विरोध किया था। सोमपाल सिंह का कहना है कि, विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त लाइन को महाविद्यालय परिसर से ही ले जाने का दबाव बनाया गया था, लेकिन इस संबंध में तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज सिंह से शिकायत किए जाने पर विभाग को अपनी योजना में परिवर्तन करना पड़ा था। उनका आरोप है कि इसी के चलते अब बार-बार महाविद्यालय की विद्युत आपूर्ति बाधित की जा रही है। उन्होंने बताया कि, वर्तमान में महाविद्यालय पर केवल दो माह का लगभग 16 हजार रुपये का विद्युत बिल बकाया था, जिसका भुगतान भी कर दिया गया है। बावजूद इसके बिजली कनेक्शन नहीं जोड़ा जा रहा है। आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस मामले को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाने की बात कही, तो संबंधित एसडीओ ने उनसे कनेक्शन नहीं जोड़ने की बात कही है। रविवार को इस मामले में "बुलंद संदेश" ने एसडीओ सचिन रस्तोगी का पक्ष जानने के लिए दो बार फोन किया उन्होंने फोन नहीं उठाया ' कुंवर सुरेंद्र सिंह ने आज देर शाम बताया कि कॉलेज की बिजली जोड़ दी गई है ।

## कांठ के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज ने" प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में प्रथम "स्थान प्राप्त किया: बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाना हमारा लक्ष्य : मुकेश माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर के महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा ने प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में 28529 विद्यालयों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। एवं जिले की श्रेष्ठता सूची में 456 विद्यालयों में से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्टार रेटिंग में भी विद्यालय ने 6 स्टार प्राप्त किये है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर रविवार को हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, अध्यक्ष अजय कुमार



बिश्नोई, कोषाध्यक्ष निमेष चंद एवं अन्य सभी सदस्यों ने प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं समस्त सभी स्टाफ तथा बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी है।

## कांठ तहसील में रविवार को 25175 बच्चों ने पी पोलियो की दवा : आज डोर टू डोर पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर एवं क्षेत्र में बने पोलियो बूथों पर हजारों बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई' छूटे बच्चों को 29 जून से डोर टू डोर दवा पिलाई जाएगी 'सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ मे तैनात ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी अंशु सरवान ने अभियान समाप्त होने के बाद देर शाम 6:15 बजे "बुलंद संदेश "को बताया आज 25175 बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई गई ' छजलैट ब्लॉक क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक के 58,959 बच्चों को - पोलियो की ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर 25175 बच्चों को दवाई पिलाई गई'29 जून से छह जुलाई तक छूटे बच्चों को डोर टू-डोर टीमें दवाई पिलाएंगी। अभियान की सफलता के लिए 44 सुपरवाइजरों की निगरानी में 117 टीमों को लगाई गई थी।

# इमामबाडा खासबाग में कई देशों के राजदूतों की मौजूदगी बनी आकर्षक का केंद्र

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा )।** नौ मोहर्रम की रात रामपुर के इमामबाड़ा खास बाग में चिली, उज्बेकिस्तान ,रोमानिया, एस्टोनिया और आयरलैंड के राजदूतों ने पहली बार छुरियों और जंजीरों का मातम देखा ! राजनयिक खून से लथपथ मातम देखकर सभी हैरान रह गए और इस पल की यादगार रखने के उद्देश्य से उन्होंने वीडियो भी बनाई !

मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व मंत्री नवाब आजम अली उर्फ नावेद मियां के आमंत्रण पर ये सभी राजदूत रामपुर पहुंचे थे ! सभी आमंत्रित राजदूतों ने गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि इमामबाड़ा खासबाग में आयोजित मजलिस और मातम में भाग लिया !

इस अवसर पर नावेद मियां ने उन्हें मोहर्रम के इतिहास, कर्बला की घटना और इमाम हुसैन की कुबार्नी के महत्व के बारे में विस्तार से बताया ,उन्होंने बताया कि इमाम हुसैन ने अन्याय, अत्याचार और जुर्म के खिलाफ खड़े रहने का संदेश दिया उनका कहना रहा की इमाम हुसैन का जीवन सत्य ,न्याय ,साहस और इंसानियत की मिसाल है जो आज भी लोगों को प्रेरित करती है ! इस अवसर पर रोमानिया की राजदूत सना लतीफ ,चिली के राज दूत जुआन रोलांडो अंगुलो मोंसाल्वे, उज्बेकिस्तान के राजदूत सरदोर रुस्तम्बायेव , एस्टोनिया राजदूत मार्जे लूप और आयरलैंड के राजदूत केविन केली उपस्थित रहे, इनके अतिरिक्त स्विट्जरलैंड में भारत की पूर्व राजदूत मोनिका मोहता और पूर्ण राजनयिक मधु मोहता भी मौजूद रहीं ! सभी ने इस धार्मिक परंपरा का यादगार अनुभव बताया ! इस दौरान उपस्थित सभी के अतिरिक्त खास तौर पर रामपुर की पूर्व सांसद बेगम नूर बानो, मुतवल्ली औकाफ , नवाबजादा हैदरअली खां उर्फ हमजा मियां, बेगम शाहबानो ,काशिफ अली खां,सुहेल मियां और शवाब हुसैन सहित बहुत से लोग मौजूद रहे !

**इमाम हुसैन का जीवन सत्य, न्याय, साहस और इंसानियत की है मिसालः पूर्व मंत्री नावेद मियां**

## कुन्दरकी में पल्स पोलियो अभियान का आगाज, 227 बूथों पर 40118 बच्चों को पिलाई गई दवा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** रविवार को पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत बूथ दिवस का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुंदरकी में हुआ। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ बरतरिया ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की।सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि कुन्दरकी क्षेत्र में कुल 227 बूथों का आयोजन किया गया। इन बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के 40118 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। डॉ. बरतरिया ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हर बच्चे तक दवा पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि छूटे हुए बच्चों को कल से शुरू हो रहे घर-घर भ्रमण अभियान में दवा जरूर पिलवाएं। इस मौके पर बीपीएम, बीसीपीएम, एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। सभी बूथों पर सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे क्षेत्र में सक्रिय रही।




# कुल्हाडी से वार कर पत्नी की हत्या करने वाला अभियुक्त पति गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जनपद की थाना रहरा पुलिस द्वारा कुल्हाडी से वार कर पत्नी की हत्या करने वाला अभियुक्त/पति को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है। रविवार को थाना रहरा पर महावीर पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम मचौना की मढ़ैया,थाना सहसवान,जनपद बदायूं द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि उसके बहनोई रामफल पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम पौरारा,थाना रहरा,जनपद अमरोहा ने पारिवारिक/आपसी विवाद के चलते उसकी बहन उर्मिला पत्नी रामफल के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना रहरा पर मु0अ0सं0 157/2026, धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना की गंभीरता के दृष्टिगत थाना रहरा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई तथा तत्काल अभियुक्त रामफल पुत्र पूरन



सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी भी बरामद की गई। बताया जाता है कि आज प्रातः पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिस में क्रोधित होकर रामफल ने पत्नी के सर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिस की मौके पर ही मौत हो गई थी।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय अमरोहा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# प्रेमी के चक्कर में "मां ने मासूम का घोंट दिया गला" पुलिस ने आरोपी मां को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एक मां प्रेमी के चक्कर में अपने 2 साल के बच्चे का कत्ल कर सकती है यह लोगों ने सोचा भी नहीं होगा जिस दो साल के वरुण की मौत बीमारी से होना बताई जा रही थी, वह हत्या निकली। हत्या भी किसी और ने नहीं, उसकी मां मीनू ने की। पुलिस पूछताछ में मीनू ने बताया कि उसके कहीं आने-जाने में वरुण बाधक बनता था। साथ चलने की जिद करता था। इसलिए गुस्से में आकर गला घोंट दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए मीनू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसके प्रेमी की भी सीडीआर जांच रही है।मूंढापांडे थाना क्षेत्र के सहरिया गांव निवासी ट्रक चालक सुरेंद्र की शादी 13 साल पहले हरिद्वार निवासी मीनू से हुई थी। दंपती के दो बेटियां सलोनी, रोहिणी और दो बेटे अरुण-वरुण हैं। वर्तमान में सुरेंद्र मुंबई में ट्रक चलाता है। सुरेंद्र के बड़े भाई विजेंद्र ने बताया कि मीनू करीब ढाई माह पहले अपने चारों बच्चों को लेकर सहरिया से मूंढापांडे आ गई थी। वह किराये के कमरे में रह रही थी। करीब 15 दिन पहले उसने कमरा बदल लिया। ताऊ विजेंद्र का कहना है कि उनको बृहस्पतिवार की शाम वरुण की मौत की जानकारी मिली। विजेंद्र और उनकी मां शिवदेई मूंढापांडे अस्पताल पहुंचे तो देखा कि बच्चे के गले पर निशान हैं। पोस्टमार्टम से पता चला कि बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस ने मां मीनू के खिलाफ खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली। ताऊ ने आरोप लगाया कि मीनू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की है।वहीं मीनू का कहना था कि बच्चे को खून की उल्टियां हो रही थीं। इससे उसकी मौत हो गई। उसका यह भी कहना है कि पति शराब पीकर आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। हरकतों से तंग आकर वह किराये का कमरा लेकर रहने लगी। आजीविका के लिए वह एक फैक्टरी में काम करती है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि मीनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बेटे वरुण को बृहस्पतिवार की सुबह ही नारे से गला कसकर मार डाला था।उसने बताया कि वरुण उसके कहीं आने-जाने में बाधक बनता था। साथ चलने की जिद करता था। इसी कारण गुस्से में आकर ऐसा कदम उठा लिया। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस मीनू के प्रेमी (लाइनमैन) की सीडीआर खंगाल रही है। आशंका है कि मीनू ने अपने प्रेमी की सहमति पर बेटे की हत्या की है। विवेचना के बाद प्रेमी भी अभियुक्त बनाया जाएगा।



## 11 वर्षों में सबसे गर्म रहा 28 जूनः सोमवार से होगा मौसम में बदलाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भीषण गर्मी और उमस का आलम यह है कि रविवार को अधिकतम तापमान पिछले 11 वर्षों में सबसे अधिक दर्ज किया गया। रविवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वातावरण में आर्द्रता बढ़ने के चलते पंखा और कूलर की हवा भी गर्म महसूस होने लगी। मौसम विभाग ने रविवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया था। हालांकि सोमवार से मौसम में बदलाव आने की संभावना है।

**मानसून का इंतजार कर रहे नगर वासियों को धूप की तपिश**

झुलसा रही है। इसके अलावा भीषण उमस की वजह से भी लोग बेहाल हैं। एक सप्ताह से लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली है। शनिवार को हालात बदतर रहे। सुबह से ही लोग पसीना से तरबतर हो गए। समय के साथ धूप की तपिश भी बढ़ती गई। दोपहर में तो स्थिति बहुत खराब थी। पंखा-कूलर की हवा से भी राहत नहीं मिल रही थी, बल्कि बहुत से स्थानों पर एसी ने भी कूलिंग करना बंद कर दिया।

गर्मी और उमस से लोगों को बेचैनी महसूस हो रही थी। मौसम विज्ञान विभाग के डाटा संग्रह केंद्र के प्रभारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अधिकतम तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। वातावरण में नमी 54 फीसदी थी, जो शाम को घटकर 39 फीसदी रह गई। हवा पश्चिम से पूरब दिशा में पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटा रही।

## मुरादाबाद के" वित्तविहीन विद्यालयों के लिए इलेक्ट्रिक ऑडिट "अनिवार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के सभी स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के लिए अब इलेक्ट्रिक ऑडिट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। आरएसडी अकादमी में हुई बैठक में जिले के सभी स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह निर्देश दिए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक रितु तोमर ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी से विद्यालय भवन का निरीक्षण कराकर भवन का सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। विद्यालय भवन में सुरक्षा मानकों एवं इलेक्ट्रिक ऑडिट कराया जाए। स्कूल में अग्निशमन यंत्र क्रियाशील होना चाहिए और अग्निशमन विभाग से विद्यालय के स्टाफ को प्रशिक्षित भी कराया जाए।विद्यालय में विद्युत संयोजन बिजली खपत के अनुसार कराया हो। उन्होंने स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने, नामांकित विद्यार्थियों का डाटा यू-डायस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने, इंस्पायर अवार्ड में नामांकन कराने, पौधरोपण के अलावा छात्रवृत्ति के आवेदनपत्र को निर्धारित अवधि में अग्रसारित करने के लिए भी कहा है ।

**जलूस**

## शांतिपूर्ण ढंग से निकला मौहरर्म का जलूस

# मुडिया रसूलपुर व लाडपुर ईदगाह परिसर पहुंचे ताजिये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा )।** जिला रामपुर में शुक्रवार को कहीं दिन में तो कहीं देर शाम को इमाम हुसैन की शहादत की याद में अकीदत और मातम के साथ मौहरर्म का जलूस बहुत ही शिद्दत के साथ निकाला गया !

जलूस की शुरूआत गमगीन माहौल में हुई, जहां अतीकमंदों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानियों को याद करते हुए मातम किया वहीं कहीं कहीं जलूस मार्ग में जगह-जगह लोगों ने अतीकमंदों के लिए ठंडे शरबत की व्यवस्था कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की ! चिलचिलाती धूप में यह व्यवस्था लोगों के लिए राहत भरी रही और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया ! जलूस निर्धारित मार्गों से शांति पूर्ण तरीके से गुजरा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा !








इसी कडी में थाना टांडा के अंतर्गत अन्य जगहों के अतिरिक्त नगर पंचायत दढियाल,मुडिया रसूलपुर एवं लाडपुर में भी गत वर्षों की भांति ताजिया जुलूस निकाले गए और ईदगाह पहुंचे,इस मौके पर ईदगाह परिसर में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगे थे तो महिलाओं के लिए खरिददारी के लिए कुछ दुकानें भी लगीं ,चांट - पकोडी, जलेबी की दुकान भी लगी थीं जहां खरीददारी कर खाते एवं घर ले जाते लोगों को देखा गया ! पता चला है कि लाडपुर ईदगाह परिसर में लाडपुर सहित टाह मदन व अल्लापुर तो मुडिया रसूलपुर ईदगाह परिसर में मुडिया सहित भावपुरा, नगलिया, चक्रदिया व कूकरझूडी गांवों के ताजिया जुलूस के रूप में काफी संख्या में अतीकमंद लेकर पहुंचे ! मौहरर्म का जलूस शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली ! पता चला है कि गांव मुडिया में मौहरर्म हेतु गठित कमेटी के सदर मौहम्मद गोश एवं उनके सहयोगी अब्दुल हसन, वाजिद व अय्यूब शेख आदि की मेहनत व लगन काबिले तारीफ रही !इस मौके पर मुडिया रसूलपुर की प्रधान बेगम शाहना शेख के पति पूर्व प्रधान रिफाकत अली शेख व पूर्व प्रधान हासिम अली अंसारी सहित अन्य गांव के जिम्मेदार लोगों की सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं लाडपुर ईदगाह परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रधान तौफीक सलमानी की व्यस्तता को लोगों ने सराहा !

## नि:संतान महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी-सखी सहेली की ओर से रोडवेज के पास स्थित बीएस नर्सिंग हॉस्पिटल में निःसंतान महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बरेली के श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज की आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रुचिका गोयल ने महिलाओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों के पर्चे उपलब्ध कराए। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, डॉ. प्योध चौधरी, ग्रुप अध्यक्ष डॉ. मधु तोमर, डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय, अनुराधा गोयल, पूजा, इटाश्री, राखी और गुड़िया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।





निहारिका ने कहा, जब टीम एक साथ किसी नए देश या जगह पर शूट करती है, तो उनके बीच की बॉन्डिंग भी और मजबूत हो जाती है

# सिंगापुर में होगी तुम से तुम तक के खास ट्रैक की शूटिंग, निहारिका चौकसे ने जताया उत्साह


टीवी का लोकप्रिय शो तुम से तुम तक में एक नया और खास ट्रैक जुडने जा रहा है, जिसे लेकर शो की मुख्य अभिनेत्री निहारिका चौकसे काफी उत्साहित हैं। इस नए ट्रैक में उनके साथ अभिनेता शरद केलकर भी नजर आएंगे, और कहानी को एक नया मोड़ मिलेगा। निहारिका चौकसे ने कहा, शो का आने वाला हनीमून ट्रैक मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि यह कहानी का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह मोड़ मेरे किरदार अनु और शरद केलकर के किरदार आर्य की कहानी में एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा। इस ट्रैक में दोनों किरदारों को एक साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। निहारिका ने कहा, यह कहानी का एक ऐसा हिस्सा है, जिसमें अनु और आर्य रोजमर्रा की भागदौड़ और तनाव से दूर, अपने रिश्ते को समझने की कोशिश करेंगे। इस दौरान उनके बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा और दर्शकों को उनके रिश्ते का एक नया पहलू देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा, दर्शकों का प्यार ही किसी कलाकार के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। अनु और आर्य की जोड़ी को दर्शकों से जो प्रतिक्रिया मिल रही है, वह पूरी टीम के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। इसी प्यार की वजह से टीम और मेहनत कर रही है ताकि कहानी को और बेहतर तरीके से पेश किया जा सके और दर्शकों को एक नया अनुभव मिल सके।

उन्होंने बताया कि इस खास ट्रैक की शूटिंग के लिए पूरी टीम जल्द सिंगापुर रवाना होने वाली है। यह शूटिंग जुलाई में होगी और लगभग एक हफ्ते तक चलेगी। विदेश में शूटिंग करना हमेशा एक अलग अनुभव होता है, क्योंकि वहां का माहौल, लोकेशन और काम करने का तरीका सब कुछ नया होता है। इस वजह से पूरी टीम में काफी उत्साह है और सभी लोग इस नए शेड्यूल को लेकर उत्सुक हैं।

निहारिका ने कहा, जब टीम एक साथ किसी नए देश या जगह पर शूट करती है, तो उनके बीच की बॉन्डिंग भी और मजबूत हो जाती है। हालांकि ऐसे शेड्यूल थोड़े थकाने वाले जरूर होते हैं, लेकिन नए अनुभव और टीम के साथ बिताया गया समय इसे यादगार बना देता है।

# राजकुमार राव की फिल्म प्रहार-द उज्ज्वल निकम स्टोरी की रिलीज तारीख का ऐलान



मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी का ऐलान कर दिया है। इसमें राजकुमार राव मुख्य किरदार में नजर आएंगे। उनके साथ लीड रोल में वामिका गब्बी हैं, जो अभिनेता के साथ पहले भूल चूक माफ (2025) में नजर आई थीं। अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जो देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम की जिंदगी से प्रेरित होगी। फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया गया है। ट्रेड विश्लेषक और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया है। उन्होंने लिखा, दिनेश विजान और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। यह 7 अगस्त, 2026 को आएगी। दिलचस्प बात यह है कि मैडॉक एक ही महीने में अपनी 2 फिल्में लेकर आ रहा है। दरअसल, श्रद्धा कपूर अभनीत फिल्म ईथा 28 अगस्त को रिलीज होगी।

30 मार्च, 1953 को जलगांव में जन्मे उज्ज्वल निकम भारत के सबसे प्रतिष्ठित लोक अभियोजकों में से एक हैं। उन्हें कई ऐतिहासिक आपराधिक मामलों को संभालने के लिए जाने जाते हैं। खासतौर पर, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मुकदमे में दोषियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। राजकुमार की फिल्म इस ऐतिहासिक मुकदमे के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण कानूनी मामलों पर प्रकाश डालेगी। फिल्म में सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शामिल हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर कॉकटेल 2 ने 6वें दिन दिखाया दम, जमकर छापे नोट, मैं वापस आऊंगा भी मजबूती से टिकी, पेद्दी ने तोड़ दिया दम

सिनेमाघरों में यूं तो साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की कई फिल्मों दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए मौजूद हैं लेकिन इनमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म कॉकटेल 2 का दूसरी रिलीज फिल्मों के मुकाबले ठीक परफॉर्म कर पा रही है. सामंथा रूथ प्रभु की मा इंति बंगारम भी दम दिखा रही है, जबकि इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा कुछ हद तक दर्शकों को खींचने में कामयाब हो रही है. चलिए यहां जानते हैं बुधवार, 24 जून 2026 को इनका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन कितना रहा है?

होमी अदजानिया निर्देशित रोमांटिक ड्रामा फिल्म कॉकटेल 2 की कमाई में वीकडेज में मंदी आई है. पहले दिन 13.50 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे दिन इसने16.25 करोड़ और तीसरे दिन 17.75 करोड़ कमाए थे. वहीं चौथे दिन इसने 6.75 और 5वें दिन 6.65 करोड़ कमाए

वही सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक कॉकटेल 2 ने रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 5 करोड़ कमाए हैं. इसी के साथ इसकी भारत में 6 दिनों की नेट कमाई अब 66 करोड़ रुपये हो गई है.

इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने 1.15 करोड़ से ओपनिंग की थी. वहीं दूसरे सोमवार को फिल्म की कमाई में बड़ी गिरावट आई और इसने 2.50 करोड़ रुपये कमाए. लेकिन दूसरे मंगलवार इसने तेजी दिखाते हुए 3.10 करोड कमाए.

अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैं वापस आऊंगा ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 2.60 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ इसकी 13 दिनों की भारत में कुल कमाई अब 32.45 करोड़ रुपये हो गई है.




राम चरण की पेद्दी ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तीसरे हफ्ते में दम तोड़ दिया है. रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे बुधवार तो इसके लिए चंद लाख कमाना भी मुश्किल हुआ.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक पेद्दी ने रिलीज के 21वे दिन यानी तीसरे बुधवार को 70 लाख रुपये कमाए हैं. इसके बाद इस फिल्म की 21 दिनों की कुल नेट कमाई अब 236.60 करोड़ रुपये हो गई है.

मां इंटी बंगारम के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में पिछले दिन की तुलना में थोड़ी गिरावट देखी गई थी. पांचवें दिन फिल्म ने 3.50 करोड़ कमाए, जबकि चौथे दिन (पहले सोमवार) इसने 4.10 करोड़ कमाए थे. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने रिलीज के छठे दिन यानी बुधवार को 2.50 करोड़ कमाए हैं. इसके बाद इसकी भारत में 6 दिनों की कुल नेट कमाई अब 33.20 करोड़ रुपये हो गई है।

# अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने गाने हुआ से किया सिंगिंग डेब्यू, जुबिन नौटियाल के साथ जुड़ा नया म्यूजिक सफर

अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू किया है। उन्होंने गाने हुआ के जरिए हिंदी संगीत की दुनिया में कदम रखा है। इस गाने में उन्होंने मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल के साथ काम किया है। इस बीच, उन्होंने इस नए सफर को लेकर बात की है और जुबिन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में खुलकर बताया। एलनाज नोरौजी ने कहा, संगीत हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रहा है, लेकिन अब जाकर मुझे इसे पेशेवर रूप से अपनाने का मौका मिला है। जुबिन नौटियाल जैसे अनुभवी और लोकप्रिय गायक के साथ अपने



पहले हिंदी गाने की शुरूआत करना मेरे लिए बेहद खास अनुभव है। जब किसी कलाकार का पहला कदम ही इतने बड़े और सम्मानित संगीतकार के साथ जुड़ता है, तो वह अनुभव यादगार बन जाता है। यह मेरे लिए नई रचनात्मक यात्रा की शुरूआत है। गाने हुआ के बारे में बात करते हुए एलनाज ने इसे अपने करियर का एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा, जीवन में कुछ ऐसे पल आते हैं, जो हमेशा याद रह जाते हैं और यह गाना उन्हीं में से एक है। यह सिर्फ एक म्यूजिक प्रोजेक्ट नहीं है, बल्कि मेरे दिल के बहुत करीब एक सपना है, जिसे मैंने लंबे समय तक संजोकर रखा था। जब कोई सपना धीरे-धीरे सच होता है, तो उसकी खुशी शब्दों से ज्यादा महसूस की जाती है, और यह गाना मेरे लिए वही एहसास लेकर आया है।

एलनाज ने आगे कहा, भले ही मैं लंबे समय से अभिनय से जुड़ी रही हूं, लेकिन संगीत हमेशा मेरे अंदर कहीं न कहीं मौजूद था। जुबिन नौटियाल के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास रहा, क्योंकि उनकी आवाज में भावनाओं की गहराई और सच्चाई होती है। वह हर गाने को बहुत ईमानदारी और भावनाओं के साथ गाते हैं।

इस मौके पर जुबिन नौटियाल ने भी एलनाज की तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा, एलनाज की आवाज काफी मधुर है। उनके अंदर मेहनत करने की लगन दिखाई देती है। उन्होंने इस गाने के लिए समर्पण के साथ काम किया है और मैं उनके इस नए सफर से बेहद खुश हूं। मैं इस गाने और एलनाज दोनों पर गर्व महसूस करता हूं और मुझे खुशी है कि यह गाना लोगों के दिलों तक पहुंच रहा है।

# च्यूइंग गम को लेकर लोगों को हैं ये 5 भ्रम, इनकी सच्चाई जानना है अहम

च्यूइंग गम का सेवन करते समय कई लोग इससे जुड़े भ्रमों पर विश्वास कर लेते हैं। इनकी सच्चाई जानने के लिए कई शोध भी हुए हैं, जिनके मुताबिक च्यूइंग गम का सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। हालांकि, इसके अधिक सेवन से कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। आइए आज हम आपको च्यूइंग गम से जुड़े कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं, ताकि आप इसके सेवन से होने वाले फायदे और नुकसान को समझ सकें।



**भ्रम- च्यूइंग गम खाने से निकलता है पाचन रस**

यह सबसे आम भ्रम है कि च्यूइंग गम चबाने से पाचन रस निकलता है, जो कि गलत है। शोधों से पता चला है कि च्यूइंग गम चबाने से पाचन रस नहीं निकलता है। हालांकि, च्यूइंग गम चबाने से मुंह में लार बनती है, जो पाचन में मदद करती है। लार में पाचन के लिए कुछ तत्व होते हैं, जो खाने को पचाने में मदद करते हैं। हालांकि, यह पाचन के लिए पर्याप्त नहीं है।

**भ्रम- च्यूइंग गम चबाने से फूलता है पेट**

यह एक और सामान्य भ्रम है कि च्यूइंग गम चबाने से पेट फूलता है। हालांकि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो ऐसा कुछ नहीं होता है। अगर आप च्यूइंग गम चबाते हैं तो आपके मुंह में अधिक हवा जा सकती है, जिससे गैस बनती है और पेट फूलता हुआ लग सकता है। हालांकि, यह महज एक अनुमान है। अगर आप अधिक मात्रा में च्यूइंग गम खाते हैं तो इससे आपका पेट नहीं फूलेगा।

भ्रम- च्यूइंग गम चबाने से पाचन तंत्र होता है प्रभावित

कई लोग मानते हैं कि च्यूइंग गम खाने से पाचन तंत्र खराब होता है, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। शोध बताते हैं कि च्यूइंग गम चबाने से पाचन तंत्र पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। इसके विपरीत, यह मुंह की सफाई में मदद करता है और लार उत्पादन बढ़ाता है, जो पाचन में सहायक होता है। हालांकि, ध्यान रखें कि अधिक मात्रा में च्यूइंग गम खाने से कुछ नुकसान हो सकते हैं।

भ्रम- च्यूइंग गम खाने से दांत हो जाते हैं खराब

यह भी एक सामान्य भ्रम है कि च्यूइंग गम खाने से दांत खराब हो जाते हैं। यह सच है कि अगर आप शक्कर युक्त च्यूइंग गम खाते हैं तो इससे दांतों पर प्लाक जमा हो सकता है, जो कैविटी का कारण बन सकता है। इसलिए, शक्कर रहित विकल्प चुनें या कम मात्रा में शक्कर वाले च्यूइंग गम खाएं। इसके अलावा नियमित ब्रशिंग और फ्लॉसिंग से भी दांतों की सफाई बनी रहती है।

**भ्रम- च्यूइंग गम चबाने से किडनी पर पड़ता है बुरा असर**

कुछ लोग मानते हैं कि च्यूइंग गम चबाने से किडनी पर बुरा असर पड़ता है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। वैज्ञानिक शोधों से पता चला है कि सामान्य मात्रा में च्यूइंग गम खाने से किडनी पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। हालांकि, अगर आप अधिक मात्रा में च्यूइंग गम खाते हैं तो इससे नकारात्मक प्रभाव नजर आ सकते हैं। इन भ्रमों की सच्चाई जानने के बाद आप अपनी सेहत का बेहतर ख्याल रख सकेंगे।

# क्या कम हो रही है आपकी सुनने की क्षमता? शरीर पहले ही देने लगता है ये संकेत



सुनने की क्षमता कम होना केवल बढ़ती उम्र की समस्या नहीं है। आज के समय में तेज शोर, लंबे समय तक ईयरफोन का इस्तेमाल, कुछ बीमारियां और जीवनशैली से जुड़ी कई चीजें लोगों की सुनने की क्षमता पर असर डाल रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सुनने की समस्या अक्सर धीरे-धीरे शुरू होती है। शुरूआत में व्यक्ति को लगता है कि आसपास बहुत शोर है या सामने वाला साफ नहीं बोल रहा, लेकिन असल में यह सुनने की क्षमता में आ रही कमी का संकेत हो सकता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग सालों तक इस समस्या को पहचान नहीं पाते और जब तक इलाज के बारे में सोचते हैं, तब तक परेशानी काफी बढ़ चुकी होती है। वैज्ञानिक रिसर्च के मुताबिक, कान आवाज सुनने के साथ-साथ मस्तिष्क तक सही जानकारी पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब सुनने की क्षमता कम होने लगती है तो व्यक्ति बातचीत को समझने और लोगों से जुड? में मुश्किल होती है। लंबे समय तक सुनने की समस्या को नजरअंदाज करने से तनाव, अकेलापन और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का खतरा बढ़ता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सुनने की क्षमता कम होने का पहला संकेत होता है कि कई बार लोग आवाज तो सुन लेते हैं, लेकिन शब्दों को ठीक तरह से समझ नहीं पाते। खासकर ऐसी जगहों पर जहां बहुत सारे लोग एक साथ बात कर रहे हों या आसपास शोर हो, वहां बातचीत समझना मुश्किल लगने लगता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुनने की क्षमता में शुरूआती कमी अक्सर ऊंची आवृत्ति वाली आवाजों को प्रभावित करती है। ऐसे में कुछ शब्द या अक्षर साफ सुनाई नहीं देते, जिससे बातचीत अधूरी लगती है।

एक और सामान्य संकेत बार-बार लोगों से बात दोहराने के लिए कहना है। जब यह स्थिति ज्यादा बार होने लगे, तब इसे गंभीरता से लेना चाहिए। कई मामलों में परिवार के सदस्य या करीबी लोग सबसे पहले इस बदलाव को महसूस करते हैं।

सुनने की क्षमता में कमी का एक और संकेत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आवाज बढ़ाना भी माना जाता है। अगर किसी व्यक्ति को टीवी, मोबाइल या रेडियो की आवाज पहले की तुलना में ज्यादा तेज रखनी पड़ रही है, तो यह कानों की बदलती क्षमता का संकेत हो सकता है। चूंकि यह बदलाव धीरे-धीरे होता है, इसलिए कई लोगों को इसका एहसास नहीं होता।

फोन पर बातचीत के दौरान होने वाली परेशानी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। आमने-सामने बात करते समय हम सामने वाले के चेहरे के भाव, होंठों की गतिविधि और शारीरिक भाषा से भी अर्थ समझ लेते हैं। लेकिन फोन पर केवल आवाज ही सहारा होती है। इसलिए सुनने की क्षमता में थोड़ी सी कमी भी फोन पर बातचीत के दौरान आसानी से महसूस हो सकती है। अगर फोन पर बातें समझने में लगातार मुश्किल हो रही है, तो यह जांच कराने का संकेत हो सकता है।

इसके अलावा कानों में लगातार घंटी, सीटी या भनभनाहट जैसी आवाज सुनाई देना भी एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है। मेडिकल साइंस में इस स्थिति को टिनिटस कहा जाता है। यह कई बार कानों या सुनने की प्रणाली में हो रहे बदलाव का संकेत होता है। यदि ऐसी आवाजें लंबे समय तक बनी रहें, तो विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी हो जाता है।

# वादा निभाकर सांसद ने बच्चों को दी नई उड़ान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एहसास महिला समिति द्वारा आयोजित 17 दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर 125 बच्चों के लिए विशेष शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस पहल का संपूर्ण प्रायोजन लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने किया, जिन्होंने पूर्व में बच्चों से किया गया अपना वादा पूरा करते हुए उन्हें एक यादगार अनुभव प्रदान किया।बता दें कि कुछ दिन पूर्व निष्काम भवन में एहसास महिला समिति की संस्थापक अध्यक्ष अनुप्रीत कौर के नेतृत्व में आयोजित समर कैंप के निरीक्षण के दौरान सांसद डॉ राजकुमार सांगवान बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास से प्रभावित हुए थे। उसी दौरान उन्होंने बच्चों के लिए विशेष भ्रमण आयोजित कराने की घोषणा की थी। समापन अवसर पर यह घोषणा साकार हुई और बच्चों को



दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित हवा-हवाई प्वाइंट पर शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण कराया गया। भ्रमण दल को सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा, नगर पंचायत निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, सभासद मोनू धामा तथा निष्काम सेवक जत्था समिति के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर सांसद का वरिष्ठ समाजसेवी चानन लाल ढींगरा एवं जसमीत सिंह ने स्मृति चिह्न और पटका भेंट कर स्वागत किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया तथा विमान को निकट से देखने और उसमें बैठने का अनुभव प्राप्त किया। बच्चों की सुरक्षा के लिए उन्हें छोटे-छोटे समूहों में विभाजित कर प्रत्येक समूह की जिम्मेदारी शिक्षिकाओं को सौंपी गई। संस्थापक अध्यक्ष अनुप्रीत कौर ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ नए अनुभव, आत्मविश्वास और सकारात्मक जीवन मूल्यों से जोड़ना था। बच्चों और अभिभावकों ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में गुरमीत गुप्ता, समिति के पदाधिकारी तथा समर कैंप की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# मानदेय भुगतान न मिलने पर आशाओ का विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** रेलवे रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आशा कार्यकताओं ने लंबे समय से लंबित मानदेय के भुगतान को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने अस्पताल परिसर में एकत्र होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और रैली निकालकर स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजगी जताई।

आशा कार्यकर्ता राधा रुहेला ने बताया कि पिछले करीब दो वर्षों से मानदेय का नियमित भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आशा बहुएं घर-घर जाकर टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, जनजागरूकता और विभिन्न सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन इसके बावजूद उनका मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि बकाया



राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर सरिता देवी, ममता शर्मा, प्रीतका टांक, मनीषा टांक, रूबी चौधरी, पूनम देवी, राजबाला, कविता जोहरा, ललिता, बबिता, नेहा कश्यप सहित करीब 34 आशा कार्यकताओं ने प्रदर्शन में भाग लेते हुए सरकार से जल्द बकाया मानदेय जारी करने की मांग की।

# 12 मोहर्रम को मस्जिद मासूमिया से निकला ताबूत-ए-18 बनी हाशिम का जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** 12 मोहर्रम को मस्जिद मासूमिया से ताबूत-ए-18 बनी हाशिम की ज़ियारत अकीदत और एहतराम के साथ कराई गई। इस अवसर पर मजलिस को मौलाना तकी रजा साहब ने खिताब फरमाते हुए शोहदाए कर्बला की अजीम कुर्बानियों और उनके पैगाम को लोगों तक पहुंचाया । उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की कुबार्नी इंसानियत, इंसाफ और सच्चाई की हमेशा रहने वाली मिसाल है। यह जुलूस मस्जिद मासूमिया से निकल कर दरगाह हजरत अब्बास में समाप्त



हुआ ' मजलिस में बड़ी संख्या में जायरीन ने शिरकत की और बीबी फातिमा जहरा (स.अ.) की खिदमत में उनके लाल हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का पुरसा पेश किया। इसके बाद ताबूत-ए-18 बनी हाशिम का जुलूस गम और अकीदत के माहौल में दरगाह हजरत अब्बास तक पहुँचा, जहाँ जायरीनों ने ज़ियारत की और शोहदाए कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान नौहाख़्वानी, मातम और दुआओं का सिलसिला जारी रहा। अंत में मुल्क में अमन, भाईचारे और इंसानियत की सलामती के लिए विशेष दुआ की गई।

# लोकतंत्र सेनानी कृष्ण कुमार गर्ग के सम्मान में पिलखुवा-फगौता मार्ग का हुआ नामकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** गांव फगौता में रविवार को लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय कृष्ण कुमार गर्ग की स्मृति में पिलखुवाझफगौता मार्ग का नामकरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर

- **देशहित में संघर्ष करने वालों का सम्मान समाज की जिम्मेदारी: अतुल गर्ग**
- **लोकतंत्र सेनानियों के आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत: धर्मेश सिंह तोमर**

सांसद अतुल गर्ग और धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर मार्ग का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा





कार्यकताओं तथा ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों का त्याग और संघर्ष देश के इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के सम्मान से युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है। विधायक धर्मेश सिंह



तोमर ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों को सम्मान देना हम सभी का दायित्व है। उनके नाम पर मार्ग का नामकरण उनके योगदान को सदैव स्मरणीय बनाए रखेगा।

पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल ने कहा कि कृष्ण कुमार गर्ग का जीवन जनसेवा और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के सम्मान से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। समारोह का समापन लोकतंत्र सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

# ब्लू वर्ल्ड स्कूल मे लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुल हक)।** जेवर के ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में रविवार को जीपी मेडिकेयर ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का लगाया। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरित किया गया। शिविर मे 200 से अधिक लोगों के नेत्र संबंधी जांच की गई। साथ ही उपस्थित लोगों को आंखों की देखभाल, दृष्टि संरक्षण तथा समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने से होने वाले लाभ को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर का संचालन डॉ. शुभम गर्ग, डॉ.



रोहित और उनकी अनुभवी टीम ने किया। इसका संचालन और समन्वय वार्ड नंबर 12 के सभासद पराग अग्रवाल (डब्बू) ने किया। इस अवसर पर सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# राष्ट्र जागरण अभियान की यात्रा जज्बा-ए-हिन्द का क्रांति धरा मेरठ से हुआ शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ स्थित अटल सभागार आज राष्ट्रभावना, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय एकात्मता के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जहाँ राष्ट्र जागरण अभियान की यात्रा जज्बा-ए-हिन्द का भव्य शुभारंभ गरिमामय



वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के मुस्लिम समाज में राष्ट्रप्रेम, भारतीय अस्मिता एवं सांस्कृतिक गौरव के भाव को सुदृढ़ करते हुए विभाजनकारी एवं राष्ट्रविरोधी "गजवा-ए-हिन्द" जैसी विचारधाराओं का वैचारिक एवं लोकतांत्रिक स्तर पर प्रभावी प्रतिकार करना है।

यह आयोजन सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता एवं राष्ट्र जागरण अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमति सुबुही खान के कुशल संयोजन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शाहीन परवेज ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात चिंतक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण तथा सुप्रसिद्ध राष्ट्रकवि डॉ. हरिओम पंवार की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को वैचारिक ऊंचाइयां प्रदान कीं। यह संपूर्ण अभियान आदरणीय श्री के. एन. गोविंदाचार्य के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संचालित किया जा रहा है, जिनकी राष्ट्रकेंद्रित चिंतनधारा इस यात्रा की मूल प्रेरणा है। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि भारत की आत्मा उसकी "विविधता में एकता", साझा सांस्कृतिक विरासत तथा संविधानसम्मत राष्ट्रीय चेतना में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक, चाहे उसका धर्म, पंथ या भाषा कोई भी हो, सर्वप्रथम भारत माता का पुत्र व पुत्री है तथा राष्ट्रहित ही सर्वोच्च आस्था का विषय होना चाहिए। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि समाज में प्रेम, सद्भाव, पारस्परिक विश्वास एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किए बिना विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है।

# परिवार के साथ सुना 'मन की बात', प्रधानमंत्री के संदेशों को बताया प्रेरणादायक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का प्रसारण



भाजपा नेता मनोज जॉनी ने अपनी पत्नी भावना शर्मा एवं परिवार के सदस्यों के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान सभी ने प्रधानमंत्री द्वारा सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर दिए गए विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।

इस अवसर पर मनोज जॉनी ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश लोगों को सकारात्मक सोच अपनाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने परिवारों से भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों को सामूहिक रूप से सुनने की अपील करते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी में देशभक्ति और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है।

# वेंडिंग जोन के विरोध में आशियाना के लोगों का प्रदर्शन, ट्रैफिक व्यवस्था पर जताई चिंता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में प्रस्तावित वेंडिंग जोन के निर्माण के विरोध में रविवार को स्थानीय नागरिकों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चयनित स्थान पर पहले से ही यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है और वेंडिंग जोन बनने के बाद स्थिति और गंभीर हो जाएगी।लोगों का कहना था कि इससे रोजाना आवागमन




प्रभावित होगा तथा आसपास रहने वाले लोगों और स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि जनहित को देखते हुए वेंडिंग जोन के लिए किसी वैकल्पिक स्थान का चयन किया जाए।

# मोदी के 'मन की बात' को सुनने उमड़े कार्यकर्ता, देश को जोड़ने का सशक्त माध्यम: अजीत तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी जैसे विषयों पर दिए गए संदेशों की सराहना की गई।

भाजपा नेता अजीत तोमर ने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में जोड़ने वाला प्रेरणादायक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज में



सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ युवाओं को राष्ट्रहित के कार्यों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम में भाजपा सभासद चेतन राणा, नरेश भारती, यादराम कश्यप, लेटर सिंह तोमर, दिनेश सैनी, रोक तोमर, शिवम शर्मा, आशीष चौधरी, पवन तोमर, सुजीत तोमर, हिमांशु, पारस, मुकेश, सतीश सैनी, संजीव तोमर, डॉ. नेपाली सोम, शिव कुमार शर्मा, अमित ठाकुर, विनय कुमार, नितिन तोमर, चौंकेश तोमर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं एवं नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सम्मान

## अनेक विभूतियां दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुईं

# भामाशाह ने देश भक्ति और दानवीरता की मिसाल कायम की : स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन एवं उद्योग संवाद के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः होटल रेनेसां में आयोजित दानवीर भामाशाह जयंती समारोह में मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि लोकहित और आत्मसम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर भामाशाह ने देश भक्ति और दानवीरता की मिसाल कायम की है, उनके अन्दर मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के अनन्य सहयोगी भामाशाह ने अपना संपूर्ण धन मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया था। दानवीरता के लिए भामाशाह इतिहास में अमर हैं। उन्होंने आगे कहा कि धन कमाने से ज्यादा उसका सही प्रयोग करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी कट्टर राष्ट्रवादी होता है, उसी प्रकार उसे परिवार के प्रति भी समर्पित रहना चाहिए। उन्होंनें संगठन के दायित्वों को समझाते हुए कहा कि संगठन का सबसे बड़ा दायित्व समर्पित कार्यकर्ता तैयार करना होता है, जिसमें वार्ड और बूथ स्तर पर जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जाती है, तब एक मजबूत संगठन तैयार होता है। उन्होने धन के दिखावे और प्रदर्शन पर रोक लगाने और सादगी से रहने पर बल दिया



और कहा कि आप स्वयं धर्म से जुड़ने के साथ परिवार को भी धर्म से जोड़ें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राकेश राठौर नगर विकास राज्य मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से व्यापारी हों या महिलाएं सभी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में उनकी जयंती को 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है।

समारोह में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि आज भी नई पीढ़ी राणा प्रताप और उनके घोड़े चेतक के बारे में तो जानती है, लेकिन भामाशाह को नहीं जानती, इसलिए सरकार को भामाशाह की जीवनी, पाठ्यक्रम में शामिल करनी चाहिए और प्रत्येक जिले में सर्वाधिक टैक्स देने वाले पांच व्यापारियों को भामाशाह की उपाधि से सम्मानित करना चाहिए और जो व्यापारी समाजसेवा में अच्छे कार्य करते हैं उन्हें भी सम्मानित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ में एक कार्यालय की मांग मंत्री द्वय के सामने रखी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री, विशिष्ट अतिथि राकेश राठौर नगर विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने आलोक आर्य, जगत नारायण, शिवम बिश्नोई, रविंद्र जायसवाल, दीपक अग्रवाल, आनंद जायसवाल, अनीता अग्रवाल और राजेश्वरी त्रिपाठी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। समारोह में मनीष भटीयानी, संदीप अग्रवाल, किशोर गुप्ता सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से आए पुरूष और महिला व्यापारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी अग्रवाल ने किया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267